* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 जनवरी, 2024
पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 96







### हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# जेपीएससी परीक्षा में अभ्यर्थियों को मिलेगी सात साल की छूट

- अब 50 साल की महिलाएं पेंशन की हकदार
- राज्यकर्मियों को 60 लाख रुपये तक मिलेगा होम लोन
- योगेंद्र प्रसाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बनाये गये
- राज्य के 140 मध्य विद्यालय बनेंगे हाइस्कूल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अगली परीक्षा में अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में सात साल की छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी। इसके अलावा राज्य में 50 वर्ष की एससी, एसटी और 50 वर्ष की सभी महिलाओं को पेंशन देने, राज्यकर्मियों को 60 लाख रुपये तक होम लोन, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद को बनाने, राज्य के 140 मध्य विद्यालयों को हाई स्कूल बनाने, मातृ वंदना के तहत किट देने समेत कुल 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**परीक्षा में कटऑफ डेट 1 अगस्त 2017 होगी :** जेपीएससी की अगली परीक्षा में अभ्यर्थियों को सात साल की छूट मिलेगी। इसकी कटऑफ डेट 1 अगस्त 2017 होगी। कार्मिक ने आगामी संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में कट ऑफ डेट 1 अगस्त 2021 करने का प्रस्ताव दिया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्र हित में कट ऑफ डेट में छूट देकर अभ्यार्थियों को राहत दी है। कैबिनेट ने कट ऑफ डेट में छूट की मंजूरी दे दी।

**पेंशन पेंशन योजना से 16 लाख आबादी को मिलेगा लाभ :** हेमंत सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना शुरू की है। इसके तहत अभी 60 साल के सभी लोगों को सरकार पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों एससी-एसटी और महिलाओं के लिए पेंशन प्राप्ति की उम्र सीमा घटाने की घोषणा की थी। इससे संबंधित प्रस्ताव बुधवार को कैबिनेट से मंजूरी दी गयी। अब राज्य के एससी-एसटी (चाहे वह महिला हों या पुरुष) और सभी वर्ग की महिलाएं (जो 50 वर्ष की हैं) पेंशन योजना से आच्छादित होंगे। इस योजना का लाभ राज्य के लगभग 16 लाख लोगों को होगा।

**7.5 फीसदी ब्याज दर पर होम लोन :** कैबिनेट की बैठक में राज्य के सरकारी कर्मचारियों को मिलनेवाले होम लोन को 30 लाख से बढ़ा कर 60 लाख रुपये तक करने की मंजूरी दी गयी। यह लोन 7.5 फीसदी ब्याज दर पर दिया जायेगा। वहीं, लोन के अगेंष्ट संपत्ति के बंधक रखने की अनिवार्यता भी समाप्त होगी। गृह निर्माण के लिए जो घोषित प्लॉट है, किसी वित्तीय संस्थान को नहीं दिया जायेगा, इसका शपथ पत्र देना होगा।

#### कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- तत्कालीन उपनिदेशक सुनील कुमार सेवानिवृत्त अधिकारी की पेंशन से 10% मासिक कटौती की मंजूरी।
- पीएमजीएसवाइ के फेज 1 और 3 के रिवाइज 208 करोड़ की स्वीकृति।
- धनबाद में काको से विनोद बिहारी चौक को फोरलेन के लिए राशि मंजूर।
- गर्भवती महिला को 1400 रुपये की 14 प्रकार की मातृत्व किट मिलेगी।
- झारखंड जमाकर्ता हित 2011 को समाप्त किया गया। अभिकेंद्र के अनुरूप नया एक्ट लागू है।
- सीआइडी से जुड़े कैसे अनुसंधान के लिए एडिशनल जस्टिस कोर्ट के गठन की मंजूरी।
- समेकित बाल विकास परियोजना के संविदा कर्मियों को राज्य सरकार के मद से वेतन मिलेगा।
- सात हजार से अधिक उर्दू शिक्षकों के पद सृजन की स्वीकृति।
- विधानसभा नियुक्ति से गड़बड़ी संबंधित जांच रिपोर्ट को आगामी सत्र में विधानसभा पटल पर रखने की मंजूरी।
- वित्त विभाग में चालक और अनुसेवक वर्ग के छह कर्मचारियों की सेवा नियमितीकरण को मंजूरी।
- 140 मध्य विद्यालयों को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने की मंजूरी।
- वर्ष 2020 में साहस का परिचय देनेवाली विनीता उरांव को पांच लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि और चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्ति की मंजूरी।

### आइएनडीआइए गठबंधन को बंगाल और पंजाब में झटका

# टीएमसी के बाद आप भी एकला चलो की राह पर

- मुख्यमंत्री ममता और सीएम मान ने अकेले-अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता / चंडीगढ़ ।** आइएनडीआइए गठबंधन को पश्चिम बंगाल और पंजाब में झटका लगा है। कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने किनारा कर लिया है। दोनों पार्टियों ने अपने-अपने राज्य में एकला चलो की राह पकड़ ली है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने अपने-अपने राज्यों में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है।

**ममता के सिर में लगी मामूली चोट :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बुधवार को पूर्व बर्द्धमान जिले में एक प्रशासनिक बैठक से कोलकाता वापस लौटते समय उनके कार चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से सिर में हल्की चोट लग गयीं। हालांकि चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सुरक्षित हैं।



#### गठबंधन ने मेरा प्रस्ताव नहीं माना : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में बंगाल में सभी 42 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेगी। पत्रकारों द्वारा ममता से गठबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने गुस्से में कहा कि उनका बंगाल में कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। ममता ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने हमारा कोई भी प्रस्ताव नहीं माना। उन्होंने कहा कि वह शख्स हमारे राज्य में आ रहा है, मुझे एक बार भी नहीं बताया गया। हम अभी भी आइएनडीआइए का हिस्सा हैं।



#### पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेंगे : मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस से गठबंधन की अटकलों को दरकिनार कर पंजाब में सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की बात कही है। कांग्रेस और आप के बीच राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन हो चुका है। इसके अलावा गुजरात और दिल्ली में भी सीटों पर सहमति बन गयी है। पंजाब में आप की बड़े बहुमत वाली सरकार है। ऐसे में यहां लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ने पर सहमति नहीं बन रही। आप ने राज्य में अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है।

#### न्यूज रील्स


##### वीवीआइपी अयोध्या आने से सात दिन पहले बतायें : योगी

अयोध्या। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार खुद मंदिर में हैं। वह भक्तों के दर्शन की व्यवस्थाएं देख रहे हैं। सीएम योगी ने भी अयोध्या में दर्शन के इंतजाम की समीक्षा की। उन्होंने वीवीआइपी से अपील करते हुए कहा कि अयोध्या आने से एक सप्ताह पहले राज्य सरकार, मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय प्रशासन को बतायें, तो अच्छा रहेगा।

# राज्यवासियों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से मजबूत करना लक्ष्य : हेमंत

- झारखंड में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल का हुआ शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अजीम प्रेमजी से की वार्ता**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अजीम प्रेमजी के बीच वीडियो कांफ्रेसिंग से बातचीत हुई। हेमंत सोरेन ने अजीम प्रेम जी को पूरे झारखंड वासियों की तरफ से अभिनंदन और जोहार किया। अजीम प्रेमजी ने भी मुख्यमंत्री से कहा कि फाउंडेशन राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए राज्य के विकास में अपना पूरा योगदान देगा। इस अवसर पर सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक बंधु तिर्की समेत राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एक विश्वसनीय संस्थान है। फाउंडेशन इटकी में विश्व स्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, 500 शैय्या वाला मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल का निर्माण करेगा। इटकी में संस्थान द्वारा पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। आने वाले समय में इटकी की देश में अलग पहचान होगी। वर्ष 2026 तक अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल में पठन-पाठन का काम शुरू होगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों की रोशनी दूर तलक पहुंचेगी। कमजोर से कमजोर परिवार तक फाउंडेशन की सहायता पहुंचाने का कार्य प्रतिबद्धता के साथ किया जायेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को इटकी में आयोजित विश्व स्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**संभावनाओं को तलाशने का काम हुआ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खनिज संपदाओं से अलग हट कर विकास की अन्य संभावनाओं को तलाश रही है। झारखंड आमतौर पर खनिज संपदाओं के लिए जाना जाता रहा है। खनिज संपदाओं की भरमार होने के बावजूद झारखंड पिछड़े राज्यों के पायदान पर खड़ा रहा है। झारखंड देश का ऐसा राज्य है, जहां गांव-गांव घर-घर तक बिजली पहुंचनी चाहिए थी, जो अब तक नहीं हो सका। झारखंड की खनिज संपदाओं का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया और वे अमीर होते रहे और हमारे राज्य के लोग गरीबी में पलते रहे। हमारी सरकार अब राज्य में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के रास्ते को ढूंढ़ते हुए कई महत्वपूर्ण और कल्याणकारी कार्य कर रही है।

**फाउंडेशन को सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता:** हेमंत सोरेन ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्थान एक ऐसा नाम है, जिसे पूरी दुनिया जानती है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व्यापार के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता है। इस संस्थान द्वारा समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक बेहतर शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की जरूरतों और अन्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्तर पर सभी कार्य एक नियत समय में पूरा करने का काम किया। राज्य सरकार ने संस्थान की पूरी जानकारी हासिल की और आज यह एक बड़ा प्रोजेक्ट इटकी में स्थापित हो रहा है।

# भाजपा एसटी मोर्चा के अधिवेशन में आयेंगे पीएम मोदी!

- 11 फरवरी को रांची में है मोर्चा का कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा का अधिवेशन 11 फरवरी को रांची में होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति जता दी है। उम्मीद है कि वह रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित होनेवाले भाजपा एसटी मोर्चा के अधिवेषन में शामिल होंगे।



कार्यक्रम के संयोजक और पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा कि पूरी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री आयेंगे। इस अधिवेशन के जरिये प्रधानमंत्री ना सिर्फ जनजाति समाज के अगुआ लोगों से सामूहिक तौर पर मिलेंगे, बल्कि संभावना है कि वे विशेष तौर पर भी कई लोगों से अलग-अलग मिलें। प्रधानमंत्री के साथ सीधा संवाद से जनजाति समाज का जुड़ाव भाजपा के साथ और भी मजबूत होगा। उरांव ने कहा कि देश में पहली बार पार्टी की ओर से ऐसा कार्यक्रम हो रहा। रांची में 11 फ?वरी को अधिवेशन होगा, जबकि 18 फरवरी को बड़ोदरा (गुजरात) में होगा। रांची अधिवेशन में झारखंड सहित पड़ोसी राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, ओड़िशा सहित उत्तर-पूर्व के सात राज्यों के जनजाति समाज के लोग भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में 25 हजार लोगों के जुटने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 15 नवंबर को खूंटी में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधानमंत्री उपस्थित हुए थे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड हृदय चिकित्सा योजना
अन्तर्गत रिम्स, राँची में शिविर आयोजन संबंधी सूचना

हृदय रोग की
निःशुल्क जाँच
निःशुल्क हार्ट ऑपरेशन



इसमें हृदय (हार्ट) की जन्मजात समस्या ASD, VSD, PDA हृदय में छेद की समस्या एवं बाईपास की समस्या से ग्रसित मरीज इस शिविर (कैम्प) का लाभ ले सकेंगे।

श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) के सहयोग से आयोजित शिविर में 3 माह से 18 वर्ष की आयु के बच्चों तथा 18 वर्ष से 65 वर्ष तक के वयस्कों के लिए निःशुल्क जाँच एवं उपचार की व्यवस्था है।

शिविर का लाभ उठाने के लिए अपने जिले के सिविल सर्जन से संपर्क करें या हेल्थ हेल्पलाईन नंबर- 104 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें।

दिनांक: 27-28 जनवरी 2024

समय: सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक

स्थान: राजेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, बरियातु, राँची, झारखण्ड

स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार
एवं
श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) द्वारा आयोजित

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 316546 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |



# कर्पूरी जी दो बार मुख्यमंत्री बने, न जमीन, न कार, सिर्फ पक्का उसूल

आजाद सिपाही विशेष

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया जयेगा। कर्पूरी ठाकुर को बिहार की सियासत में सामाजिक न्याय की अलख जगानेवाला नेता माना जाता है। आपातकाल के दौरान तमाम कोशिशों के बावजूद इंदिरा गांधी उन्हें गिरफ्तार नहीं करवा सकी थीं। कर्पूरी ठाकुर की पहचान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और राजनीतिज्ञ के रूप में रही है। वह बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे। लोकप्रियता के कारण उन्हें जन-नायक कहा जाता था। 1988 में उनके निधन के बाद पिछड़ी जातियों से कई नेता उभरे, लेकिन उन जैसा कोई नहीं था और न अब भी वैसा मुकाम किसी को हासिल है। जाहिर है, पिछड़ों की राजनीति करनेवाले सभी दल उन्हें अपना बताने में कभी पीछे नहीं हुए। 24 जनवरी को उनकी 100वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल के साथ जदयू का भी बड़ा कार्यक्रम है। लेकिन, ठीक एक दिन पहले उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरह से बाजी मार ली। पहले कमंडल, फिर विकास और इसके बाद मंडल। पीएम नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। ठीक इसी दिन केंद्र सरकार ने बिजली बिल से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का एलान किया। इसके तहत एक करोड़ से ज्यादा घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। सरकार का मकसद गरीब और मध्य वर्ग को बिजली बिल से राहत दिलानी है। इसके ठीक एक दिन बाद ही केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व सीएम और दिग्गज नेता रहे कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का एलान कर दिया। यानी तीन दिनों में पीएम मोदी ने तीन चीजों से मिशन 2024 के लिए रास्ता और साफ किया है। ऐसी भी अटकलें हैं कि कर्पूरी के जरिए भाजपा ने बिहार में अपने पुराने सहयोगी रहे नीतीश कुमार की तरफ दोस्ती का हाथ भी बढ़ा दिया है। कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व, जीवंत किस्से और बिहार में उनकी राजनीतिक हैसियत के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षक के रूप में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करनेवाले जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म समस्तीपुर के पितौंझिया में 24 जनवरी, 1924 को हुआ था। अब यह गांव कर्पूरीग्राम के नाम से चर्चित है। महज 14 साल की उम्र में उन्होंने अपने गांव में नवयुवक संघ की स्थापना की। गांव में होम विलेज लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन बने। 1942 में पटना विश्वविद्यालय पहुंचने के बाद वह स्वतंत्रता आंदोलन और बाद में समाजवादी पार्टी तथा आंदोलन के प्रमुख नेता बने। 1952 में भारतीय गणतंत्र के प्रथम आम चुनाव में ही वह समस्तीपुर के ताजपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। तब वह 31 साल के थे। संसदीय कार्यकलापों में तो उन्होंने दक्षता दिखायी ही, समाजवादी आंदोलन को जमीं पर उतारने का भी भरसक प्रयास किया।


## 1970 और 1977 में मुख्यमंत्री बने थे कर्पूरी ठाकुर

कर्पूरी ठाकुर 1970 में पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। 22 दिसंबर 1970 को उन्होंने पहली बार राज्य की कमान संभाली थी। उनका पहला कार्यकाल महज 163 दिन का रहा था। 1977 की जनता लहर में जब जनता पार्टी को भारी जीत मिली, तब भी कर्पूरी ठाकुर दूसरी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। अपना यह कार्यकाल भी वह पूरा नहीं कर सके। इसके बाद भी महज दो साल से भी कम समय के कार्यकाल में उन्होंने समाज के दबे-पिछड़ों लोगों के हितों के लिए काम किया। बिहार में मैट्रिक तक पढ़ाई मुफ्त की दी। वहीं, राज्य के सभी विभागों में हिंदी में काम करने को अनिवार्य बना दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीबों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के हक में ऐसे तमाम काम किये, जिससे बिहार की सियासत में आमूलचूल परिवर्तन आ गया। इसके बाद कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक ताकत में जबरदस्त इजाफा हुआ और वह बिहार की सियासत में समाजवाद का बड़ा चेहरा बन गये।

बिहार में पिछड़ों के प्रणेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर भाजपा ने कई निशाने एक साथ साध लिये हैं। कर्पूरी ठाकुर की बुधवार को 100वीं जयंती हैं। बिहार में महागठबंधन सरकार की जाति जनगणना दांव की धार को भाजपा ने कर्पूरी ठाकुर को दिये गये सम्मान से कुंद करने की कोशिश की है। कर्पूरी अत्यंत पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखते थे। उन्होंने बिहार में दलितों-पिछड़ों के लिए जम कर काम किया था। दूसरी तरफ, सत्तारूढ़ जेडीयू भी पिछले काफी वक्त से कर्पूरी जी को भारत रत्न देने की मांग कर रही है। इस दांव से भाजपा ने अपने पुराने सहयोगी रहे जेडीयू को भी साध लिया है। इसका असर भी दिखा कि राज्य के मुखिया नीतीश कुमार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर अपने पुराने ट्वीट को डिलीट कर नया पोस्ट एक्स पर डाला और उसमें पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। यानी दो दिन में भाजपा ने ऐसा दांव चला है कि कमंडल और मंडल दोनों सध गये। भाजपा ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार को एक तरह से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज दिया है। पिछले कुछ वक्त से ऐसी अटकलें हैं कि नीतीश एक बार फिर से पाला बदल सकते हैं। यानी महागठबंधन का साथ छोड़ सकते हैं। इधर, भाजपा ने एक ऐसा रास्ता भी बना दिया है कि नीतीश के लिए आसानी हो जाये।

## बिहार की राजनीति में अहम हैं कर्पूरी ठाकुर

बिहार की सियासत में कर्पूरी ठाकुर एक ऐसे किरदार हैं, जिनकी विरासत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जदयू और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की राजद दावा करती रही हैं। कर्पूरी ठाकुर हज्जाम समाज से आते हैं, जो बिहार में दो फीसदी हैं। लेकिन कर्पूरी ठाकुर की बाहर में ओबीसी यानी अति पिछड़ा वर्ग के सबसे बड़े नेता के तौर पर पहचान है। खास बात यह है कि कर्पूरी ठाकुर से बिहार का ओबीसी वर्ग आज भी कनेक्ट करता है। बिहार सरकार द्वारा जारी किये गये जातिगत सर्वे में ओबीसी को कुल आबादी का करीब 36% बताया गया है। इसका मतलब बिहार में ओबीसी सबसे अधिक है और सभी दल इन्हें अपने पक्ष में करना चाहते हैं। चुनावी विश्लेषकों की मानें तो कर्पूरी ठाकुर को बिहार की राजनीति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 1988 में कर्पूरी ठाकुर का निधन हो गया था, लेकिन इतने साल बाद भी वह बिहार के पिछड़े और अति पिछड़े मतदाताओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। गौरतलब है कि बिहार में पिछड़ों और अतिपिछड़ों की आबादी करीब 52 प्रतिशत है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपनी पकड़ बनाने के मकसद से कर्पूरी ठाकुर का नाम लेते रहते हैं।



समाजहित में काम करनेवालों को तरह-तरह के सम्मान से नवाजा जाता है। भारत रत्न भी कइयों को मिला है। लेकिन कर्पूरी ठाकुर सचमुच में पिछड़े और अति पिछड़े में रत्न में थे। आज की चकाचौंध भरी राजनीति में क्या कोई कर्पूरी ठाकुर की तरह जी सकता है। रह सकता है। क्या आज इस बात की कल्पना भी की जा सकती है कि अपना पूरा जीवन राजनीति और समाजहित में खपा देनेवाले के पास रहने को घर नहीं हो। पहनने को कपड़े नहीं हो, भोजन के नाम पर पकवान जिनके लिए सपना हो। जिसने अपने किसी भी परिचित के लिए पैरवी नहीं की हो। जिस व्यक्ति के पिता को सामंत इसलिए पीटे कि वह बीमारी की हालत में भी उसके घर जाकर उसका बाल नहीं बनाये और उसका वह बेटा उस सामंत को इसलिए छुड़वा दे कि ऐसा असंख्य लोगों के साथ हो रहा है। सचमुच में कर्पूरी ठाकुर आदर्श, इमानदारी, शुचिता, कर्तव्यनिष्ठा और समाजहित में सब कुछ न्योछावर कर देनेवाले की प्रतिमूर्ति हैं। आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आज शायद ही कोई ऐसा संवेदनशील व्यक्ति होगा, जिसको कर्पूरी ठाकुर की जीवनशैली झकझोरती नहीं होगी। उन्हें शत-शत नमन!

## बहनोई नौकरी के लिए आये तो मिले 50 रुपये

कर्पूरी ठाकुर से जुड़े कुछ लोग बताते हैं कि वह जब राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब बहनोई उनके पास नौकरी के लिए गये और कहीं सिफारिश से नौकरी लगवाने के लिए कहा। उनकी बात सुन कर कर्पूरी ठाकुर गंभीर हो गये। उसके बाद अपनी जेब से 50 रुपये निकाल कर उन्हें दिये और कहा, जाइये, उस्तरा आदि खरीद लीजिए और अपना पुश्तैनी धंधा आरंभ कीजिए।

## देवीलाल ने कहा था पांच-दस हजार रुपये मांगें तो दे देना

उत्तरप्रदेश के कद्दावर नेता हेमवती नंदन बहुगुणा ने अपने संस्मरण में कर्पूरी ठाकुर की सादगी का बेहतरीन वर्णन किया है। बहुगुणा लिखते हैं, कर्पूरी ठाकुर की आर्थिक तंगी को देखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री देवीलाल ने पटना में अपने एक हरियाणवी मित्र से कहा था कि कर्पूरी जी कभी आपसे पांच-दस हजार रुपये मांगें तो आप उन्हें दे देना, वह मेरे ऊपर आपका कर्ज रहेगा। बाद में देवीलाल ने अपने मित्र से कई बार पूछा कि भई कर्पूरी जी ने कुछ मांगा। हर बार मित्र का जवाब होता, नहीं साहब, वह तो कुछ मांगते ही नहीं।

## विधायक ने कहा, जमीन ले लीजिए नहीं तो आपका बाल-बच्चा कहां रहेगा, कर्पूरी ने कहा- गांव में

70 के दशक में पटना में विधायकों और पूर्व विधायकों के निजी आवास के लिए सरकार सस्ती दर पर जमीन दे रही थी। खुद कर्पूरी ठाकुर के दल के कुछ विधायकों ने उनसे कहा कि आप भी अपने आवास के लिए जमीन ले लीजिए। उन्होंने साफ मना कर दिया। तब के एक विधायक ने उनसे यह भी कहा था कि जमीन ले लीजिए, नहीं तो आप नहीं रहियेगा तो आपका बाल-बच्चा कहां रहेगा? कर्पूरी ठाकुर ने कहा कि अपने गांव में रहेगा।

## शादी में राज्यपाल को नहीं बुलाया, कहा मेरी हैसियत नहीं

कर्पूरी ठाकुर की बेटी की शादी थी। तब उस वक्त उन्होंने अपने किसी कैबिनेट सहयोगी और राज्यपाल को निमंत्रण नहीं भेजा था। शादी होने के चार-पांच दिन बाद जब राज्यपाल को पता चला तो उन्होंने उनसे पूछा कि आपने हमें निमंत्रण क्यों नहीं दिया, तब कर्पूरी ठाकुर ने उनसे कहा कि मेरी हैसियत नहीं थी कि मैं अपने घर पर राज्यपाल को बुला सकूं। आपको बैठाने के लिए मेरे पास कुछ नहीं है।

## जब फटी हुई कमीज पहन कर पहुंचे

जब कर्पूरी ठाकुर एक कार्यक्रम में पहुंचे थे, तब लोगों ने देखा कि उनकी कमीज फटी थी। तब चंद्रशेखर और अन्य नेताओं ने चंदा कर उन्हें पैसे दिये। उस पैसों को कर्पूरी ठाकुर ने स्वीकार तो कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करा दिये।

## बेटे को कहा, कोई लोभ लालच देगा, तो उस लोभ में मत आना

कर्पूरी ठाकुर जब पहली बार उपमुख्यमंत्री बने और उसके बाद मुख्यमंत्री बने तो अपने बेटे रामनाथ को पत्र लिखना नहीं भूले। बेटे रामनाथ बताते हैं, पत्र में तीन ही बातें लिखी होती थीं कि तुम इससे प्रभावित नहीं होना। कोई लोभ लालच देगा, तो उस लोभ में मत आना। मेरी बदनामी होगी।

## जब सीएम के पिता को पीटने आ गये लोग

कर्पूरी के मुख्यमंत्री रहते हुए ही उनके क्षेत्र के कुछ जमींदारों ने उनके पिता को सेवा के लिए बुलाया। जब वह बीमार होने के चलते नहीं पहुंचे तो जमींदार ने अपने लोगों से मारपीट कर लाने का आदेश दिया। इसकी सूचना जिला प्रशासन को हो गयी और तुरंत जिला प्रशासन कर्पूरी जी के घर पहुंच गया और उधर मारने वाले भी थे। लठैतों को बंदी बना लिया गया, लेकिन कर्पूरी ठाकुर ने सभी लठैतों को जिला प्रशासन से बिना शर्त छोड़ने का आग्रह किया। इस पर अधिकारियों ने कहा कि इन लोगों ने मुख्यमंत्री के पिता को प्रताड़ित करने का कार्य किया, इन्हें हम किसी शर्त पर नहीं छोड़ सकते। कर्पूरी ठाकुर ने कहा, पता नहीं कितने असहाय, लाचार और शोषित लोग प्रतिदिन लाठियां खाकर दम तोड़ते हैं, काम करते हैं। कहां तक और किस-किसको बचाओगे। क्या सभी मुख्यमंत्री के मां-बाप हैं। इनको इसलिए दंडित किया जा रहा है कि इन्होंने मुख्यमंत्री के पिता को उत्पीड़ित किया है, सामान्य जनता को कौन बचायेगा। जाओ प्रदेश के कोने-कोने में शोषण उत्पीड़न के खिलाफ अभियान चलाओ और एक भी परिवार सामंतों के जुल्मों सितम का शिकार न होने पाये। उसके बाद लठैतों को कर्पूरी ठाकुर ने छुड़वा दिया।

## विधायक से थोड़ी देर के लिए जीप मांगी

80 के दशक की बात है। बिहार विधानसभा की बैठक चल रही थी। कर्पूरी ठाकुर विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता थे। उन्होंने एक नोट भिजवा कर अपने ही दल के एक विधायक से थोड़ी देर के लिए उनकी जीप मांगी। उन्हें लंच के लिए आवास जाना था। विधायक ने उसी नोट पर लिख दिया, मेरी जीप में तेल नहीं है। कर्पूरी दो बार मुख्यमंत्री रहे। कार क्यों नहीं खरीदते?

## कर्पूरी के घर की हालत देख रो पड़े थे पूर्व मुख्यमंत्री हेमवंती नंदन बहुगुणा

एक बार उप मुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद कर्पूरी ठाकुर रिक्शे से ही चलते थे, क्योंकि उनकी जायज आय कार खरीदने और उसका खर्च वहन करने की अनुमति नहीं देती थी। कर्पूरी ठाकुर के निधन के बाद अविभाजित उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवंती नंदन बहुगुणा उनके गांव गये थे। बहुगुणा कर्पूरी ठाकुर की पुश्तैनी झोंपड़ी देख कर रो पड़े थे। कर्पूरी ठाकुर 1952 से लगातार विधायक रहे, पर अपने लिए उन्होंने कहीं एक मकान तक नहीं बनवाया। न ही कोई जमीन खरीद सके।

## युगोस्लाविया में कोट भेंट की गयी

कर्पूरी जी 1952 में विधायक बन गये थे। एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उन्हें ऑस्ट्रिया जाना था। उनके पास कोट ही नहीं थी। एक दोस्त से मांगनी पड़ी। वहां से युगोस्लाविया भी गये, तो मार्शल टीटो ने देखा कि उनकी कोट फटी हुई है और उन्हें एक कोट भेंट की।

## पांच रुपया का चंदा स्वीकार किया था

उनके पुत्र सह राज्यसभा सदस्य रामनाथ ठाकुर बताते हैं कि कर्पूरी ठाकुर आचार्य नरेंद्र देव और जयप्रकाश नारायण के दबाव पर ताजपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने को तैयार हुए, लेकिन उनके पास पैसे नहीं थे। कार्यकर्ताओं ने चंदा जुटाये। तब कर्पूरी जी ने तय किया कि चवन्नी-अठन्नी तथा दो रुपये से ज्यादा सहयोग नहीं लेना है। जयप्रकाश नारायण की धर्मपत्नी प्रभावती देवी के आग्रह पर उनसे पांच रुपया चंदा स्वीकार किया था। समाजवादी नेता दुर्गा प्रसाद सिंह बताते हैं कि हर बार वह चंदे के पैसे से ही चुनाव लड़ते थे। एक-एक पैसे का हिसाब खुद रखते थे। एक पाई भी निजी काम में नहीं लगाया। उनका यह स्व-अनुशासन, नैतिक आग्रह और प्रतिबद्धता 17 फरवरी, 1988 को उनके विदा होने तक उनके साथ रही।

## इतना पैसा लगा कर आने की जरूरत क्या थी, मैं खुद आ जाता

उस दौरान कर्पूरी ठाकुर मुख्यमंत्री के तौर पर लोगों की समस्या को लेकर अधिकारियों को तत्काल फोन करते। समस्या के निवारण का निर्देश देते। उसके साथ ही कई अधिकारियों को पत्र भी लिखते। इतना ही नहीं, दूर से आनेवाले लोगों से एक निवेदन भी करते। जननायक उनसे कहते कि इतना पैसा लगा कर आने की जरूरत क्या थी? मैं खुद आपके इलाके में आनेवाला था। कर्पूरी ठाकुर गरीबों को नम्र भाव से ये बात समझाते। उन्हीं में से एक कहते हैं कि एक रात जब उनसे मिल कर चलने लगा, तो उन्होंने कहा कि छह बजे आ जाइयेगा। सुबह कहीं चलना है। उन्होंने लिखा है कि वे अक्सर मुझे अपने साथ लेकर जाया करते थे।

## कर्पूरी के शागिर्द हैं लालू-नीतीश

बिहार में समाजवाद की राजनीति कर रहे लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार कर्पूरी ठाकुर के ही शागिर्द हैं। जनता पार्टी के दौर में लालू और नीतीश ने कर्पूरी ठाकुर की उंगली पकड़ कर सियासत के गुर सीखे। ऐसे में जब लालू यादव बिहार की सत्ता में आये, तो उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के कामों को आगे बढ़ाया। वहीं, नीतीश कुमार ने भी अति पिछड़े समुदाय के हक में कई काम किये।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा, झारखंड में हर 100 किलोमीटर पर ब्रेक

**तीन दिवसीय संथाल दौरे पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता के लिए यात्रा का मार्ग, समय और पड़ाव तय कर लिया गया है। झारखंड में हर 100 किलोमीटर पर ब्रेक लगेगा। तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में एक दल पाकुड़ के लिए रवाना हुआ। दौरे से संबंधित जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि नेताओं का दल रांची से दुमका पहुंच गया है। रास्ते में यात्रा के ठहराव की जगह, सभा स्थल, प्रचार-प्रसार की सारी व्यवस्था की पूरी समीक्षा की गयी। इस समीक्षा के क्रम में यात्रा मार्ग में पड़ने वाले जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों, कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं से भी पूरी जानकारी प्राप्त की गयी। तैयारी संबंधित निर्देश प्रदेश अध्यक्ष ने दिया। साथ ही तीन दिनों तक संथाल परगना क्षेत्र में रह कर न्याय यात्रा की तैयारी को अमली जामा पहनायेंगे और कार्यक्रम का पूरा खाका प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर के समक्ष रखेंगे। शांति ने बताया कि दल में रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, जयशंकर पाठक, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, संजय लाल पासवान, मानस सिन्हा, रियाज अंसारी, गजेंद्र सिंह, पप्पू अजहर शामिल हैं।



# छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर इडी को सुप्रीम कोर्ट ने किया नोटिस

**डिफॉल्ट बेल देने से रांची की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट इनकार कर चुका है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने इडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब शीर्ष अदालत 23 फरवरी को उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की कोर्ट में छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुनवाई हुई। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। छवि रंजन ने जिस केस में डिफॉल्ट बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वह चेशायर होम रोड स्थित भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लांड्रिंग से जुड़ा हुआ है। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें डिफॉल्ट बेल देने से रांची की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट इनकार कर चुका है।



राज्यों के स्थापना दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल बोले

# विविधता में एकता ही हमारी शक्ति

**देश के विभिन्न प्रांतों का अपना गौरवशाली इतिहास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश के विभिन्न प्रांतों का अपना गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। विविधता में एकता ही हमारी शक्ति है। हम एक हैं और एक रहेंगे। उत्तरप्रदेश में राम जन्मभूमि है, कृष्ण जन्मभूमि है और काशी भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती का संगम भी प्रयागराज में है। राज्यपाल ने कहा कि भारत में वसुधैव कुटुंबकम और सर्वधर्म समभाव की भावना सदियों से रही है। यह भावना हमारे स्थापत्य कला में झलकती है। ताजमहल की स्थापत्य कला का स्थान पूरे विश्व में अप्रतिम है। अयोध्या के राम मंदिर की स्थापत्य कला भी अद्वितीय है। राज्यपाल बुधवार को राजभवन में संयुक्त रूप से आयोजित उत्तरप्रदेश, दादरा, नगर हवेली और दमन-दीव के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री वाराणसी से सांसद हैं। उनके नेतृत्व में हम सभी भारतवासियों का आत्मसम्मान बढ़ा है। वाराणसी को धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप जाना जाता है। उत्तरप्रदेश विलक्षण प्रतिभाओं की भी भूमि है। विगत दिनों विकास की गति यहां काफी तेज हुई है। कुशल राजनीतिक नेतृत्व, प्रशासन और जनता यदि साथ मिल कर कार्य करें, तो विकास की गति द्विगुणित हो जाती है। इस अवसर पर लोक गीत और लोक नृत्य की भी प्रस्तुति की गयी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.09 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.57 बजे | |



झारखंड राज्य खाद्य आयोग
जन वितरण प्रणाली (पी.डी.एस), पी.एम. पोषण (मध्याह्न भोजन), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पी.एम.एम.वी.वाई.), आंगनबाड़ी केंद्र (आई.सी.डी.एस.) और कुपोषण उपचार केंद्र (एम.टी.सी.), से संबंधित शिकायत
वॉट्सऐप नंबर : 9142622194 पर भेजें

### गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला

# लोकसभा-विधानसभा में सीटों का रिकॉर्ड टूटेगा : बाबूलाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित को समर्पित रही है। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार से प्रारंभ हुई विकास यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है। बाबूलाल बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की ओर से आयोजित गांव चलो अभियान की

**भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित और वंचित को समर्पित है**

प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। बाबूलाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही है। जनता भाजपा को समर्थन देने के लिए समय का इंतजार कर रही है। हम गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जायें। उन्हें मजबूत भारत-आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत बनाने के संकल्प का निमंत्रण दें।

कहा कि जनसंपर्क का बड़ा अभियान है गांव चलो अभियान, जिसमें खुद को गांव से जोड़ें और गांव को भाजपा से जोड़ें। जनता के आशीर्वाद से 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में सीटों में भी रिकॉर्ड बनायेंगे और देश-प्रदेश में मजबूत सरकार में भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी।

**इनकी भी रही मौजूदगी :**

सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, डॉ राकेश भास्कर, सुरेश साहू मनोज सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बड़कुंवर गागराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, शिवपूजन पाठकए समेत अन्य उपस्थित थे।

## सर्व समाज से जुड़ने-जोड़ने का अभियान: दीपक

सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि गांव चलो अभियान सर्वव्यापी, सर्व समावेशी, सर्वस्पर्शी भाजपा के प्रत्यक्ष दर्शन का अभियान है। सबका साथ, सबका विकास मंत्र है। गांव चलो अभियान सर्व समाज से जुड़ने और जोड़ने का अभियान है।

## पूरा देश ऊर्जा से लबरेज: अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में स्वत: स्फूर्त वातावरण है। पूरा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सकारात्मक ऊर्जा से भरा है। भारत के सभी वर्गों, क्षेत्रों के विकास के साथ आज भारत का सांस्कृतिक गौरव भी प्रतिष्ठित और महिमा मंडित हुआ है।

## भारत की आत्मा गांवों में: कर्मवीर सिंह

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारत की आत्मा गांव में निवास करती है। ग्रामीण विकास से ही विकसित भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। 4 से 11 फरवरी तक भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता हर गांव में पहुंचेंगे। प्रत्येक प्रवासी की सूची तैयार की जा रही है।

## कर्पूरी ठाकुर को मोदी सरकार ने दिया बड़ा सम्मान: बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किये जाने का स्वागत किया है। कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को केंद्र सरकार के द्वारा भारत रत्न दिये जाने का फैसला अत्यंत ही हर्ष का विषय है। समाज के दलित, शोषित, पिछड़े वर्ग के हक की लड़ाई लड़ने वाले जननेता कर्पूरी ठाकुर को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार। कहा कि यह राजनीतिक सामाजिक जीवन की शुचिता और इमानदारी का सम्मान है। स्व ठाकुर इसके सच्चे हकदार थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक - 753006 (ओड़िशा), भारत / CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 45/SRF/2023-24
भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "जीनोम एडिटिंग टूल्स के प्रयोग द्वारा चावल की फसल में सूखा सहिष्णु वर्षाश्रित उथली निचलीभूमि की उपज पर एरोबिक अनुकूलन लोसाई के प्रभाव की समझ" (ईएपी - 356) परियोजना के लिए एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षातकार दिनांक 12-02-2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप - एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध है।
Walk-in-Interview will be held on 12.02.2024 for selection of one (01) Senior Research Fellow at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Understanding the effect of aerobic adaptation loci on yield of drought tolerant rainfed shallow lowland cultivar in rice using genome editing tools" (EAP 356). The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.
प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

# विश्वविद्यालयों की छुट्टियों में कटौती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालयों में अब विंटर वेकेशन नहीं होगा। क्रिसमस पर सिर्फ एक दिन 25 दिसंबर को छुट्टी होगी। गर्मी की छुट्टियां मात्र 20 दिनों की होंगी। होली, दीपावली, छठ की छुट्टियों में भी कटौती की गयी है। राजभवन ने सभी विश्वविद्यालयों के लिए वर्ष 2024 का यूनिफॉर्म लीव कैलेंडर जारी कर दिया है। पहले राज्य के सभी विश्वविद्यालय अपने-अपने हिसाब से छुट्टियों के कैलेंडर तय करते थे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पिछले साल से छुट्टियों की एकसमान व्यवस्था लागू करायी है। पिछले वर्ष रांची विश्वविद्यालय में सालाना छुट्टियों की संख्या 86 से घटाकर 43 की गयी थी। इस बार यानी वर्ष 2024 के लिए विश्वविद्यालयों ने 78 दिन की छुट्टी का कैलेंडर तैयार किया था। राजभवन ने इसे घटाकर 72 दिन कर दिया है। पहले 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक सभी विश्वविद्यालय बंद रहते थे। अब सिर्फ क्रिसमस पर 25 दिसंबर को छुट्टी दी जायेगी।

**दिवाली छठ की छुट्टियों में भी कटौती**

होली पर दो दिनों 25 और 26 मार्च को अवकाश रहेगा। पहले दीपावली से छठ तक के लिए 16 दिन की छुट्टी प्रस्तावित थी। अब दीपावली से छठ तक केवल 10 दिनों की छुट्टी होगी। विश्वविद्यालय अपने स्तर के पांच रिस्ट्रिक्टेड छुट्टियां घोषित कर सकते हैं।



## कंपकंपी-शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा सहित पूरे जिले में घने कोहरे और शीत लहर से दो दिनों से जनजीवन ठहर सा गया है। घने कोहरे की चादर जमीन से आसमान तक होने की वजह से सुबह 9 बजे तक भी पचास मीटर की दूरी नहीं दिख रही है। कड़ाके की ठंड के चलते लोग सुबह देर तक घरों में ही बने रहे। घने कोहरे और शीतलहर के चलते कंपकपाते लोग दिन में भी सड़कों पर वाहनों की लाइट जलाकर चलते दिखे। बच्चे भी कोहरे और ठंड में स्कूल के लिए घरों से निकले। ठंड और सर्द हवाओं से स्कूल में भी बच्चे कांपते रहे। घरों के साथ सड़कों पर लोग अलाव जला कर कोल्ड डे से बचाव करते दिख रहे हैं। दिन और रात के तापमान में गिरावट होने से ठंड और कंपकंपी ने डेरा जमा लिया है। कोडरमा में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस, नमी 90 फीसदी रही। वहीं एक दिन पूर्व मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री कम 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। माना जा रहा है कि फिलहाल 26 जनवरी तक लोगों को ठंड से राहत मिलने की संभावना अभी नहीं है।

## हनुमान मंदिर में भक्ति संध्या का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर के अड्डी बंगला रोड श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में राम उत्सव पर भक्ति में संगीत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीर हनुमान का फूलों से श्रृंगार किया गया। वही जय श्री राम स्व बने फूल आकर्षक का केंद्र बिंदु रहा। मंदिर परिसर में सर्वप्रथम पूजा अर्चना के साथ अखंड जोयत प्रज्जलित की गयी। पूजा अर्चना पंडित मोनू पांडेय ने कराया। यजमान के रूप में गौरव चौधरी और तन्वी चौधरी शामिल हुए। इसके बाद गणेश वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरू किया गया। भजन गायक गिरधारी सुमानी, नवीन सिन्हा, पंकज केशरी, मनोज माथुर, सुशील सिन्हा, नितिन मिश्रा, सिमा सहल, संगीता जेठवा, मुन्ना भदानी सहित कई गायकों ने भगवान श्री राम, वीर हनुमान, बाबा भोले शंकर सहित विभिन्न देवी देवताओं पर आधरित राजस्थानी, भोजपुरी, क्लसिकल आधरित पर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को भक्ति के सागर गोता लगाने का मौका दिया। कार्यक्रम में बीडीओ सुमन गुप्ता पहुंची और उन्होंने इस अवसर पर कहा हनुमान की भक्ति को भुलाया नहीं जा सकता। इस तरह के भजन संध्या कार्यक्रम से जहां गायकों के भजन सुनने का मौका मिलता है वही घंटो तनाव से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया और भक्तों के बीच खीर और लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। वहीं मंदिर परिसर के बाहर भव्य आतिशबाजी भी की गयी। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अलावा चौधरी परिवार के पुरुष -महिला और विभिन्न सामाजिक और स्वयं सेवी संगठन के लोग उपस्थित थे।

## शारदा विद्या मंदिर में परेड का निरीक्षण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के योगियाटिल्हा में शारदा विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पूर्वभास किया गया। परेड का निरीक्षण प्रधानाचार्य विजय कुमार यादव के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य श्री यादव ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के निर्देश वासुदेव गोप, शिक्षक सुजीत कुमार रजक, सिकंदर सिंह, सचिन कुमार यादव, रंजीत रजक, सत्यदेव यादव, वीरेंद्र पंडित, आजाद अंसारी, सूरज कुमार सिंह, विनय तिवारी, गायत्री देवी, शिल्पी देवी, दीपिका यादव, किरण देवी, रिंकी देवी, सुनील कुमार रंजन, श्याम सुंदर यादव शामिल थे।

## कालीकरण रोड की जांच की मांग



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लरियाडीह ब्रांच की बैठक लरियाडीह गांव में द्वारिका सिंह की अध्यक्षता में की गयी। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा प्रखंड के अंतर्गत ग्राम अनंतडीह मोड़ से बुचीटांड मोड तक ग्रामीण विकास विभाग कोडरमा के द्वारा कालीकरण रोड बनाया गया जिसमें एक तरफ बनाया गया दूसरी तरफ महीना भी बीता नहीं है सड़क उखड़ रहा है। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, वहीं पिच भी कम दिया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोडरमा उपायुक्त से मांग करती है कि अभिलंब कमिटी गठन कर जांच किया जाये और संवेदक पर कार्यवायी किया जाये। जांच नहीं होने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन करने पर विवश होगी। बैठक को ईश्वर यादव, चुरामन दास, बालकिशुन राणा, बजरंगी दास, परमेश्वर यादव ने भी संबोधित किया। बैठक में डेगलाल यादव, सहदेव चौधरी, कारू धोबी, डोमी राणा, नारायण रजक, प्रमिला देवी, किरण देवी, मंजू देवी, फरजाना खातून आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन परमेश्वर यादव ने किया।

## वन विभाग से एनओसी को लेकर सांसद से मिले मुखिया



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाड़ीघाघर पंचायत के गरडीह गांव में बिजली बहाल को लेकर एनओसी नहीं मिलने की समस्या को लेकर कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी से मुखिया नंदकिशोर कुमार ने अन्य प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात किया। मुखिया कुमार ने कहा कि यह पंचायत चारो ओर घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसा है। यहां का कई गांव बिजली की विकट समस्या झेल रहा है। इतना ही नही सड़क नही रहने के कारण कोई बीमार और महिलाओं की प्रसव पीड़ा होती है तो डोली पर ले जाना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत के गरडीह और पूरनपनिया में राजीव गांधी विधुतीकरण योजना के तहत बिजली गयी थी। पर चोरों द्वारा तार को काट कर ले जाया गया। पुन: चालू करवाने के लिए कई बार धरना प्रदर्शन किया गया तब धरधरवा और सलूजाम मुहल्ला में चालू हो गया है। जबकि गरडीह, गंगाड़ाह और धबरु बेड़ा में आज तक चालू नहीं किया गया। चूंकि वन विभाग एनओसी पर रोक लगा दिया गया है। सांसद मति देवी ने वन विभाग से एनओसी दिलाने का आश्वाशन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में मुखिया नंदकिशोर कुमार के अलावा संजय यादव, अब्बास अंसारी, मो कादिर शामिल थे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर फुल ड्रेस परेड रिहर्सल

**आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा ने दी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी**

**डीआइजी, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक भी रहे मौजूद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड को लेकर बुधवार को सेना के मार्चिंग टुकड़ियों ने स्थानीय कर्जन ग्राउंड में हिस्सा लिया और परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की। मौके पर आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, डीआइजी सुनील भास्कर, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने सेना और पुलिस बल के टुकड़ियों के द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल का संयुक्त रुप से निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और सलामी दी गयी। सेना के जवान ने पूरे यूनिफॉर्म में जोश खरोश के साथ राष्ट्रीय धुन पर कदमताल करते नजर आये। बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सेना के सात अलग अलग बीएसएफ, सीआरपीएफ, जिला पुलिस, महिला विंग, एनसीसी तथा होम गार्ड के दस्ते अपनी यूनिफॉर्म और हथियारों के साथ नजर आये। बीएसएफ के बैंड पार्टी ने राष्ट्रधुन बजायी। बीएसएफ की ओर से सार्जेंट विक्रांत सिंह, सीआरपीएफ की ओर से संजीव कुमार, जिला पुलिस से टीपू अंसारी, महिला पुलिस से उमेश कुमार दास, होमगार्ड से अभय कुमार, एनसीसी से रजनीश कुमार और विक्रम राजपूत, इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय से प्रियांशी उरांव ने परेड का नेतृत्व किया। वहीं बीएसएफ बैंड से एल तिग्गा ने धुन को कमांड किया। कर्जन ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी और अन्य उपस्थित रहे।

# बाबूलाल मरांडी से मिले मनीष जायसवाल

**सेवा पुस्तिका 2023 किया भेंट और नेतृत्व की आशाओं खरा उतरने का जताया भरोसा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष का अहम जिम्मेदारी मिलने के पश्चात बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से उनके राजधानी स्थित रांची आवास पर मुलाकात कर आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने हर साल की भांति वर्तमान साल भी अपने दूसरे कार्यकाल के चौथे वर्ष के कार्यों की विवरण पुस्तिका सेवा वर्ष 2023 भी उन्हें भेंट की। बाबूलाल मरांडी ने विधायक मनीष जायसवाल के इस बेहतरीन कार्यकाल के लिए बधाई दिया और भविष्य में भी इसी सिद्दत के साथ जनसेवा में तल्लीन रहने की राय दी।

## दिनेश कुमार ने उपलब्ध कराया ब्लड



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी युवा नेता दिनेश कुमार मंडल ने पिछले कई दिनों से समाज सेवा कर रहे हैं। लोगों को रक्तदान कर जान बचाने की मुहिम चला रहे हैं। जिसमें कई दिनों से लोगों की सेवा में तत्पर हैं आज दो यूनिट ड पॉजिटिव खून उपलब्ध कराकर बगोदर प्रखंड के घाघरा निवासी तालो महतो को जान बचाने का काम किया शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज से संपर्क कर नि:शुल्क ब्लड उपलब्ध करवाकर जान बचाया।**

# दो समुदायों के बीच झड़प, की गयी रोड़ेबाजी

**रोड़ेबाजी में दर्जन भर से ज्यादा ग्रामीण हुए घायल**



**बंटी मिश्र**

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सिरय में विद्यालय में अलग से गेट निर्माण को लेकर दो समुदायों में कहासुनी होते-होते झड़प हो गयी। झड़प दंगा का रूप धारण करती एन वक्त पर विष्णुगढ़ थाना पुलिस पहुंच गयी। पुलिस के प्रभाव से रोक लगी। झड़प के दौरान दोनों और से रोड़ेबाजी में दर्जन भर से ज्यादा ग्रामीण घायल हो गये।जिसमे एक व्यक्ति यमुना महतो खेदादिह के नाक एवं माथा में गम्भीर चोट लगी,उसका नाक टूट भी गया, उसे प्रार्थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। शेष घायलों का इलाज किया जा रहा है। बहरहाल दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल सिरय गाव में कैंप कर रही है। घटना बुधवार की है।

मिली जानकारी के मुताबिक डीएमएफटी मद से सिरय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। चाहरदीवारी के भीतर खेदादिह के एक समुदाय के ग्रामीणों ने तजिया रखने की जगह के अलावा आने जाने के लिए अलग से रास्ता की मांग कर रहे थे। दुसरे समुदाय के ग्रामीणों का कहना था कि तजिया दूसरे गाव खेदाडीह से आता है, लिहाजा गाव में तजिया रखने से परहेज करना चाहिए। जिस पर खेदादिह के खास समुदाय के ग्रामीणों ने स्कुल कैम्पस में तजिया रखने की जगह के अलावा अलग से गेट निर्माण की मांग पर अड़े रहे। चाहरदीवारी निर्माण को भी छति पहुंचाया गया। जिसका विरोध करने पर खेदादिह के ग्रामीणों रोड़ेबाजी करने लगे। प्रतिवाद में निर्माण कार्य को छति और बाधा पहुंचाने में शामिल खेदादिह के ग्रामीणों पर भी रोड़ेबाजी की गयी। जिससे दोनों समुदाय के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गये। जानकारी पाकर एसडीपीओ अनुज उरांव, बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ रामबालक कुमार, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, सदल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। बताया गया कि एन वक्त पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर दोनों समुदायों के बीच हो रही रोदेबाजी के शक्ल में हो रही झड़प दंगा फसाद में तब्दील हो जाती। एसडीपीओ अनुज उरांव ने बताया कि दोनों तरफ से 15 लोग नामजद किये गये है, 150 - 200 अज्ञात आरोपी बनाये गये है।

# एनटीपीसी ने किया बालिका दिवस का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी और चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजनाओं ने सिकरी ऑफिस में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न परियोजना प्रभावित स्कूलों से उच्चतम स्कूल की छात्राएं कार्यक्रम में सम्मानित की गयी। यह आयोजन एक प्रशिक्षण से भरा और शिक्षात्मक सामग्री से भरा हुआ था, जिससे समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य था। कार्यक्रम में 300 छात्रों के बीच स्टेशनरी सामग्रियों का वितरण भी किया गया। जिससे उन्हें शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास मिला। इसके अलावा, एक रंगीन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। जिसमें लड़कियां भारतीय सुपरवुमन जैसे लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू जैसे तैयार हुई थी। परियोजना के हेड इन-चार्ज फैज तैयब ने भी कार्यक्रम में संबोधित किया और इस अद्वितीय पहल के लिए सभी सकारात्मक परियोजना सदस्यों को बधाई और शुभकामनायें दीं। उन्होंने सार्थक संदेशों के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया और समृद्धि में योगदान करने की महत्वपूर्णता पर चर्चा की। इस मौके पर केरेडारी के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद और चट्टी बरियातु के परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता ने बालिकाओं को प्रोत्सहित करते हुए उन्हें शिक्षा पर ध्यान देने के लिए कहा।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनायी गयी जयंती

**बुढ़िया माता मंदिर से थाना होते हुए समारोह स्थल तक भव्य पैदल शोभायात्रा निकाली गयी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय महासभा प्रखंड इकाई बरकट्ठा के तत्वावधान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर और संचालन प्रखंड सचिव भागीरथ ठाकुर ने किया। मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासभा प्रखंड सयोंजक समन ठाकुर प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, मुखिया मुनी देवी पंसस रौशनी ठाकुर झामुमो नेत्री ऊषा ठाकुर, बीरेंद्र शर्मा, उपेंद्र शर्मा, सोनू ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, युगल ठाकुर समेत सभी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पूर्व बुढ़िया माता मंदिर से थाना होते हुए समारोह स्थल तक भव्य पैदल शोभायात्रा निकाली गयी। जहां कर्पूरी ठाकुर अमर रहे, राष्ट्रीय नाई समाज जिंदाबाद नारो के साथ समारोह स्थल पर एकत्रित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड संयोजक समन ठाकुर ने नाई समाज का सुदृढ़ीकरण और बालिका शिक्षा पर बल देने की बात कही। उन्होंने प्रतिभावान छात्राओं को हरसंभव मदद की घोषणा की। वही प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर ने कहा कि जल्द ही बरकट्ठा में जननायक कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति और नाई समाज का भवन निर्माण किया जायेगा। उन्होंने इसके लिए अपना निजी जमीन समाज के लिए समर्पित करने की घोषणा की। साथ देश के प्रधानमंत्री के कार्यो की प्रशंसा की। कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित कर नाई समाज को गौरान्वित किया। वहीं लोगों को समाज के साथ जुड़े रहने की बात कही। समाज की एकता पर बल देना और कुरूतियों को दूर करना हमारी जिम्मेवारी है। बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। कहा गया कि बेटी बचाव बेटी पढ़ाव के साथ बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। बालिकाओं की शिक्षा के बढ़ावा को लेकर नाई समाज ने बच्चियों के मूल्यांकन करवाया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं में सलोनी शर्मा, प्रियांशु कुमारी, रिया कुमारी को नाई समाज की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर बहादुर ठाकुर, राजेश ठाकुर, संतोष शर्मा, उषा देवी, कांति देवी, रामचंद्र ठाकुर, संजय ठाकुर, दीपक ठाकुर, सुकर ठाकुर, मनोज ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, उपेन्द्र शर्मा समेत समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 35 मीटर की ऊंचाई पर लहरायेगा तिरंगा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विजय विश्व तिरंगा प्यारा...झंडा ऊंचा रहें हमारा। इसी संकल्प के साथ झारखंड के हजारीबाग स्थित एनटीपीसी की खनन परियोजना पकरी बरवाडीह में खनन कार्य में लगे एमडीओ त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने व्यू प्वाइंट में 35 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। 35 मीटर के इस पोल पर जो ध्वज लहरायेगा उसकी लंबाई 30 फीट और चौड़ाई 20 फीट है। टीएसएमपीएल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बी कार्तिकेयन ने एक सादे समारोह में अपने कर्मियों की मौजूदगी में फीता काट कर इस राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। इस मौके पर परियोजना निदेशक संजय कुमार खटोड़ भी मौजूद थे। उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत में बी कार्तिकेयन ने कहा कि यह मेरे जीवन का स्वर्णिम दिन है और यह मेरे लिए एक भावुक पल है। राष्ट्रीय ध्वज किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता का प्रतीक होता है। इस मौके पर परियोजना निदेशक संजय कुमार खटोड़ ने कहा कि आज हम सभी गौरवांवित महसूस कर रहें। ये राष्ट्रीय ध्वज हम सभी को देश के विकास को और तेज करने की प्रेरणा देता रहेगा। हम सभी को यह प्रतिज्ञा करनी होगी कि हमें भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाना होगा। भारत देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी मिलकर काम करेंगे।

## डहरभंगा में कर्पूरी ठाकुर की मनी जयंती




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** समाजवाद के अग्रदूत, सामाजिक न्याय के सच्चे सिपाही और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती बुधवार को नाई समाज के तत्वावधान में छोटा डहरभंगा सीदरबांध के समीप समारोह आयोजित कर काफी उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, सुजीत रजक, मथुरा साव, जगदीशचंद्र यादव, प्रेमचंद गुप्ता, सुखदेव ठाकुर समेत अन्य ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाजवादी परंपरा के लौह स्तंभ थे अपने नेतृत्व में उन्होंने समाज व देश को नई दिशा प्रदान की। कहा कि उन्होंने राष्ट्र और समाज के नवनिर्माण में अहम योगदान दिया है। उनके बताये गये रास्ते पर चलने से ही देश और समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। इनके जीवन से हमसबों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। अपने हक और अधिकार के लिए को आगे आना होगा। तभी देश और समाज का विकास होगा। मौके पर किशोरी ठाकुर, प्रवीण ठाकुर, चंदन ठाकुर, जागो ठाकुर, रामबिलास ठाकुर, शशि शर्मा, नारायण ठाकुर, जीतन ठाकुर, मूलचंद ठाकुर, हीरामन ठाकुर, अमृत ठाकुर, केवल ठाकुर, मानकी ठाकुर, सरजू ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर समेत समाज के सैकड़ों महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## मानसरोवर स्कूल में प्रभात फेरी का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में बुधवार को सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। वहीं बच्चे अपने भारत माता, रानी लक्ष्मी बाई, डॉ भीमराव अंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद, महात्मा गांधी आदि के रुप में स्वयं को प्रदर्शित किये और स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलायी। विदित हो कि प्रभात फेरी उन शहीदों और महान व्यक्तियों को समर्पित की गयी जो भारतीय संविधान को बनाने में अपना अहम योगदान दिये। प्रभात फेरी मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्रांगण से प्रारंभ होकर झुरझुरी होते हुए तरबेचवा से होकर पुन: अपने विद्यालय तक किया गया। इस दौरान तरह-तरह के पिरामिड, भाषण मुख्य चौक चौराहे पर कराया गया। मौके पर विद्यालय निदेशक महेंद्र प्रसाद ने बच्चों को बताया कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। जिसे बनाने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों को नये सत्र और आने वाले 75वें (गणतंत्र दिवस) 26 जनवरी के शुभ अवसर पर बॉयज हॉस्टल शुरू करने का आश्वासन दिया। मौके पर शिक्षक रोहित मंडल, मुकेश कुमार, कौशल पांडेय, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, दुलारचंद प्रसाद, अर्जुन सिंह, मनोज यादव, बबलू यादव, एकता, निधि, लक्ष्मी, जेबा, नूरी, योगेश, बबलू कुशवाहा समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनी जयंती




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में बुधवार को जननायक और संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के 100 वीं जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नाइ समाज के प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, समाज के अध्यक्ष कौलेश्वर ठाकुर, पत्रकार मनोज कुमार समेत सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान वक्तायों ने उनके द्वारा समाज व देश के लिये किये गयें जनकल्याणकारी कार्यों का जिक्र किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। 100 वीं जयंती पर भारत सरकार द्वारा उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न दिये जाने की सूचना पर समाज के लोगों ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार ब्यक्त किया। इस कार्यक्रम में रोहन ठाकुर, अरबिंद ठाकुर, अशेश्वर ठाकुर, भरत ठाकुर, मुकेश ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, नेमु ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, बिंदर ठाकुर, गणेश ठाकुर, सुरेश ठाकुर, सचिन ठाकुर, सुरेश ठाकुर आदि मौजूद थे। ज्ञात हो कि केरेडारी प्रखंड में कर्पूरी ठाकुर की यह पहली जयंती थी।

## कोडरमा मधुपुर और कोडरमा महेशमुंडा पैसेंजर स्पेशल का झारखंड धाम हाल्ट पर ठहराव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर धनबाद मंडल के झारखंड धाम हाल्ट पर 24 जनवरी से गाड़ी सं 03370, 03369 कोडरमा मधुपुर कोडरमा पैसेंजर स्पेशल तथा गाड़ी सं 03606, 03605 कोडरमा महेशमुंडा कोडरमा पैसेंजर स्पेशल का ठहराव शुरू हुआ। अब गाड़ी सं. 03370 कोडरमा मधुपुर पैसेंजर स्पेशल 16.01, 16.02 बजे झारखंड धाम हाल्ट पर रूकते हुए आगे प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 03369 मधुपुर कोडरमा पैसेंजर स्पेशल 21.11, 21.12 बजे झारखंड धाम हाल्ट पर रूकते हुए आगे प्रस्थान करेगी।

## श्रीलेदर्स शोरूम की रामगढ़ में आठवीं शाखा खुली, उद्घाटन आज




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विश्वस्तरीय फुटवियर उत्पादन के लिये मशहूर कंपनी श्रीलेदरर्स शोरूम की रामगढ़ में आठवीं शाखा 25 जनवरी को खुल रहा है। इससे पहले झारखंड में सात शो-रूम संचालित है। रामगढ़ वासियों को फुटवेयर की उम्दा क्वालिटी के प्रोडक्ट उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा। उक्त बातों की जानकारी बुधवार को कंपनी के मालिक सुशांत डे ने गोला रोड स्टाइल बाजार के समीप के नये शोरूम में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि रांची के फ्रेंचाइची पार्टनर रविन्दर सिंह, रामगढ़ के फ्रेंचाइजी पार्टनर निरमलयो रॉय, मार्कटिंग और पीआर के सौरभ विश्वास मौजूद थे। डे ने बताया कि भारतीय फुटवेयर उद्योग में पिछले 70 वर्षों से विश्वसनीय कंपनियों के रूप में गिना जाता है। इसकी स्थापना 1952 में स्वतंत्रता सेनानी सुरेश चंद्र डे ने जमशेदपुर में की गयी थी। इस शोरूम में विश्व स्तरीय फुटवियर, लेदर एक्सेसरीज, बैग, ट्रैवल बैग का एक नायाब और स्टाइलिश कलेक्शन उचित कीमतों में उपलब्ध होगा। कंपनी गुणवता वाले उत्पाद और ग्राहक संतुष्टि को मूलमंत्र मानते हुये इस ब्रांड ने चिकित्सीय और ऑथोपेडिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुये विशेष जूता भी बनाये हैं। श्रीलेदरस के वरिष्ठ पार्टनर शेखर डे का मानना है कि किसी भी प्रोडक्ट को भलीभांति जांचने के बाद ही उसे ग्राहकों तक पहुंचाना चाहिये। कंपनी परफॉमेंस बेस्ड स्पोटर्स शू पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश में है। अलग से स्पोटर्स लाइन बनाने की योजना बनायी जा रही है। इससे कंपनी बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लिये स्पोर्टस शूज बना सके, इसकी गुणवता विश्वस्तरीय होगी। जिसकी कीमत 15सौ के लगभग होगी। इसके साथ ही ब्रांड का नया एक्टिव वियर कलेक्शन में टी शर्ट, कॉटन टी-शर्ट, लोअर शॉटर्स उपलब्ध होगा। यह ब्रांड ने पूर्वी भारत के विभिन्न क्षेत्रों में नये स्टोर खोलने की योजना है। यह अपनी फ्रेंचाइजी साझेदारी को ज्यादा से ज्यादा मजबूत कर रहा है। बताया कि सितंबर 2020 में वेबसाइट लांच कर ऑनलाइन बिजनेश में कदम रखा है।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनी जयंती



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केदली कला बाजार में बुधवार को नाई समाज के प्रखंड कमिटी द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कार्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता जनार्दन पासवान मौजूद थें। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने भारत रत्न जननायक कार्पूरी ठाकुर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जन्म 24 जनवरी 1924 ई को भारत के समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया में हुआ था और मृत्यु 17 फरवरी 1988 ई में हुई थी। जिसे अब कपूरींग्राम के नाम से जाना जाता है। उनके पिताजी का नाम गोकुल ठाकुर तथा माता जी का नाम श्रीमती रामदुलारी देवी थी। इनके पिता गांव के सीमान्त किसान थें और अपने पारंपरिक पेशा बाल काटने का काम करते थे। कपूरीं ठाकुर बिहार के दो बार मुख्यमंत्री और एक बार उपमुख्यमंत्री भी रह चूके हैं। कार्यक्रम में, सुरेंद्र ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, रामानंद ठाकुर, अनिल शर्मा, विकाश कुमार, उमेश ठाकुर और अन्य लोग शामिल थे।

## कर्पूरी ठाकुर एक महान व्यक्ति थे



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुट्टीकेवाल खुर्द गांव स्थित बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव के आवास पर बुधवार को राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कार्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव तथा संचालन मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने संबोधित किया और कार्पूरी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्हें एक महान व्यक्ति बताया, और उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर प्रभु दयाल यादव तथा देवलाल यादव के अलावा मुरारी सिंह, भगवान यादव, भोला यादव, वकील खान, केदार चौधरी, चैतू यादव, महेन्द्र यादव, महेश यादव के अलावा काफी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पोस्ता की खेती को किया गया नष्ट



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी हंटरगंज के आदेशानुसार और प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा की उपस्थिति में हंटरगंज प्रक्षेत्र के अंतर्गत फुलवरिया वन भूमि औश्र गैर वन भूमि के अंदर अवैध ढंग से लगाये गये लगभग 3 एकड़ पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की सहायता से जोत कर विनष्ट किया गया। पोस्ता की खेती करने वाले लोगों का नाम पता कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी वनपाल पवन कुमार के नेतृत्व में वनरक्षी तेयोफील बाड़ा, कपिलदेव मेहता, सुबोध सोनी और जोरी थाना पुलिस बल के सहयोग से यह अभियान किया गया।

### गणतंत्र दिवस को लेकर सिदो-कान्हू मैदान में हुआ अंतिम अभ्यास

# कार्यक्रम को बनायें भव्य और सफल: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस पर सिदो कान्हू मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर बुधवार को अंतिम अभ्यास किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया।

**झंडोत्तोलन का समय निर्धारित:** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो-कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10: 35 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10: 40 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 10: 55 बजे , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे और पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:15 बजे झंडा फहराया जायेगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसपी और डीसी ने किया परेड का निरीक्षण

**मौके पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। जिसके बाद उपायुक्त ने झंडा फहराया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ के छात्र और छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गयी। मौके पर उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य और सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिये।**



# 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हॉल किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी द्वारा लैंगिग समानता पर प्रकाश डाला गया। सुरजमुनी कुमारी अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में 21वीं शताब्दी के दौर में भी आम व्यक्ति बेटी और बेटे में फर्क महसुस करते है। वर्तमान में झारखंड की लिंग अनुपात बालिका की तुलना में बालकों का अधिक है, जो एक शिक्षित समाज के लिए शर्मनाक स्थिति है। साथ ही इनके द्वारा उपस्थित बालिकाओं से अपील की गयी कि हमें एक जुट होकर समाज के उत्थान के लिए और बेटी बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है इस भ्रांति को दूर करना होगा। साथ ही भ्रूण हत्या एक कानूनन अपराध है। मंचासीन जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी द्वारा भ्रूण हत्या पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि जो बच्चा / बच्ची उस वक्त दुनिया को देख भी नहीं सकें है, उनके पंख को पर भी न लग पाया हो उसकी हत्या भ्रूण में ही कर दी जाती है। तिवारी के द्वारा बताया गया कि एक जघण्य अपराध है। वर्तमान में बेटियां अपने बूढ़े मां बाप की जो सेवा करे शायद एक बेटा न कर पाये । तिवारी द्वारा मंच से उन सभी माता पिता से अपील की गयी कि पुत्रियों को भी मौका दिया जाये ताकि वे भी अपने माता पिता का सपना साकार कर सके और उनका नाम उंचा कर सके। इसका एक ज्वलंत उद्याहरण स्वयं तिवारी की पुत्री है जिसे तिरंदाजी में झारखंड स्तर पर स्वर्ण पदक से पुरस्कृत किया गया है, इसी प्रकार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति धन्नजय तिवारी, सदर अस्पताल के डॉक्टर तथा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा भ्रूण हत्या पर रोक लगाने हेतु सभी से अपील की गयी ताकि भविष्य में झारखंड तथा देश की लिंग अनुपात समानुपाति हो । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं थीम के उपर विद्यालय के छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा संस्कृति को प्रथम पुरस्कार और स्वेता कुमारी और पुष्पा कुमारी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# स्टार इलेवन बना बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन



**विजेता टीम को 30 हजार व उपविजेता टीम को 15 हजार और विनर-रनर ट्रॉफी देकर किया गया पुरस्कृत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** हुरुमगढ़ा कूप मैदान में चल रहे भुरकुंडा प्रीमियर लीग (बीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट सेसन थ्री का बुधवार को फाइनल मैच खेला गया। मैच का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच स्टार इलेवन भुरकुंडा बनाम बेताल फाइटर रांची के बीच खेला गया। इसमें रांची की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार इलेवल भुरकुंडा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 143 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी रांची की पूरी टीम 98 रन पर आलआउट हो गयी। इस मैच को भुरकुंडा की टीम ने 45 रनों से जीतकर बीपीएल कप पर कब्जा जमा लिया। विजेता टीम को 30 हजार रुपया नकद और विनर ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 15 हजार नकद और रनर ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि निशि पांडेय ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा वान खिलाड़ियों की कमी नही है। सिर्फ प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की जरूरत है। टूर्नामेंट में बेहतर खेल को लेकर सीरीज, मैन ऑफ दी मैच व गेंदबाजी के लिए भुरकुंडा के वाशिद अली को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट बैस्टमेन का पुरस्कार रांची के नवनीत झा और भुरकुंडा के राहुल को बेस्ट कैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मौके पर शंकर मांझी, आशुतोष चौबे, सागर दांगी, नितेश ओझा मौजूद थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में दानिश, आतिफ, वाजिद, रितेश, विक्की, दिलीप, रुपेश, धीरज, राज, राम, दिलशाद, कृष्णा, कैफ, हंजु सहित अन्य का योगदान रहा।

# पतरातू में जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनी जयंती



**जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांत पर चलने का संकल्प लिया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पतरातू।** कर्पूरी विचार मंच और अखिल भारतीय नाई समाज समिति पतरातू के तत्वाधान में बुधवार को लेक रिजॉर्ट के समीप कर्पूरी चौक पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वी जयंती मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता नागेश्वर ठाकुर और संचालन बसंत ठाकुर ने की। समारोह में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सब बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि रामेश्वरी ठाकुर, अनिल शर्मा, किशोर कुमार महतो, भैरव ठाकुर, धनेश्वर ठाकुर, छेदी ठाकुर, दशरथ ठाकुर, भुनेश्वर ठाकुर, निरंजन लाल ललन ठाकुर, गणेश ठाकुर, बसंत ठाकुर, फौजी किशोर ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर सोनू ठाकुर, राजेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोगों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांत पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय ठाकुर राम प्रसाद ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, प्रमेश्वर ठाकुर, विजय ठाकुर, अमित ठाकुर, आशीष ठाकुर, किसन ठाकुर, राम चंद्र ठाकुर, मदन ठाकुर, तापेश्वर ठाकुर, लाल मोहन ठाकुर, राजीव शर्मा सहित नाई समाज के सभी सदस्यों का योगदान रहा। इस मौके पर रोशन लाल चौधरी ने देश के प्रधानमंत्री के कार्यो की प्रशंसा की। कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित कर पूरे देश को गौरान्वित किया।

# श्रीराणी सती मंदिर का 13वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**शामिल हुए भक्त, बंटा प्रसाद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्रीराणी सती मंदिर का 13वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां, महोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम पर श्रीराणी सती के दरबार को देश-विदेशी फूलों से सजाया गया। बुधवार को महोत्सव पर मंदिर में श्री गणेश पूजन के मंगल पाठ का शुभारंभ किया गया। यहां, पुजारी ने यजमान किशोरी खेतान सपत्निक के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न करायी। इस दौरान श्रीराणी सती को छप्पन भोग व सवामणी प्रसाद का भोग लगाया गया। वहीं, धनबाद झरिया की प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचिका सरोज शर्मा और सरिता जालूका ने संगीयमय मंगल पाठ कराया। इस दौरान भक्तों ने दादी जी को चुनरी और गजरा चढ़ाई। मंगल पाठ समापन पर भंडारे के प्रसाद वितरण किया। जबकि, संध्या में महा आरती और प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन किया गया। महोत्सव में श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्य, महिला समिति सदस्यों सहित अनेक महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।





## डीएवी में मनी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल, आरा कुजू में जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार ने कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे कदमों से ही बड़ी-बड़ी मंजिलें तय होती हैं। आज के विद्यार्थियों को जननायक ठाकुर के आदर्शो को जीवन में अपनाना चाहिए और दूसरों को अपनाने की प्रेरणा भी देना चाहिए। कोई भी व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। वही, विद्यालय के शिक्षक डी पांडेय, गौतम कुमार, सकला अंजू बरियार, रश्मि झा ने कपूरीं ठाकुर की जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सकला अंजू बरियार ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई लोग शामिल रहे।

## रामगढ़ में प्रेरणा स्रोत भाषण का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के महेंद्र ऑडिटोरियम में बुधवार को एक प्रेरणा स्रोत भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एपीएस रामगढ़, केवीएस रामगढ़ और केवीएस बरकाकाना के 432 बच्चों व 19 अध्यापकों से रूबरू होते हुए ब्रिगेडियर संजयचंद्र काण्डपाल प्रेरणा स्रोत भाषण प्रस्तुत किया। मौके पर ब्रिगेडियर संजयचंद्रा काण्डपाल ने कहा कि बच्चे कैसे अपने भविष्य को उज्जवल व अपने आप को कैसे इस समाज में एक अच्छे नागरिक के रूप में स्थापित करें इसके लिए उनके भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहे। उन्होंने बच्चों को कहा कि चुनौतियों से ही लड़कर अब अपने विजय प्राप्त कर सकते हैं इसके लिए आप सभी को हर समय तैयार रहने की आवश्यकता है। इस दौरान कार्यक्रम में ब्रिगेडियर ने एपीएस के प्राचार्य पंकज जैन, केवीएस रामगढ़ के प्राचार्य अमर कुमार और केवीएस बरकाकाना के प्राचार्या शांति सुशीला मिंज को पंजाब रेजिमेंटल सेंटर का स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

## गरीबों के बीच मुखिया ने बांटे कंबल



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल उत्तरी पंचायत में बढ़ती ठंड और सर्द हवाओं को देखते हुए पंचायत के मुखिया आशा देवी और पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव के द्वारा 160 कंबल वृद्ध, विधवा, दिव्यांग, असहाय और गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया आशा देवी ने कहा कि गरीबों को हर हाल में सरकारी योजनाओं का लाभ उनके घर तक पहुंचाया जायेगा। पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों को ठंड से ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। हर हाल में पंचायत का चौमुखी विकास और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। केंद्र सरकार की योजनाएं और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप मुखिया विमलेश कुमार वार्ड सदस्य सीता देवी, संगीता देवी, कांति कुमारी, मंजूलता कुमारी, अंशी देवी, गीता कुमारी, विशाल कुमार का योगदान रहा।

## पथ निर्माण के लिए मुखिया ने किया भूमि पूजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडूडीह पंचायत के मुखिया बैजनाथ राम ने बिरसा टोला में पथ निर्माण के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया। पथ निर्माण बिरसा टोला पुल से बबलू मांझी के घर तक पेवर ब्लॉक होना है। मौके पर मुखिया ने बताया कि बरसात के दिनों में पथ उबड़-खाबड़ रहने के कारण आने जाने में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। पंचायत से 360 फीट पथ का भूमि पूजन कर निमार्ण कार्य प्रारंभ किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य सुनीता देवी, समाजसेवी कान्दो मांझी, गोपाल मांझी, बबलू मांझी, सावन मांझी, श्यामलाल मांझी, दिलीप हेंब्रम, पूरन मांझी, मंगरा मांझी, संतु हांसदा, सोनाराम मांझी, अरुण टुडू आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण संपन्न




**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गरगाली में लीड्स संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में ग्रामीण को बकरी पालन, मुर्गी पालन और सुकर पालन के तरीके, बीमारी, उनके आवास, रख रखाव, चारा, टीकाकरण के बारे में जानकारी दिया गया। सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री पशु धन योजना मे क्या क्या फायदा है, इसके बारे मे भी विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवक पशूपालन के द्वारा स्वरोजगार करके आय उपार्जन कर अपने और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना हैं। लीड्स संस्था की ओर से स्किल डेवलपमेंट ऑफिसर प्रकाश कुमार ने संस्था और संस्था के काम को विस्तृत रूप से बताया, पशुपालक प्रशिक्षक डा रविंद्र नाथ प्रमाणिक के द्वारा पशुपालन के उपर प्रशिक्षण दिया साथ ही संस्था के कार्यकर्ता सत्येंद्र प्रसाद, सोशल वोलेंटियर शिव शंकर गंझू, चूड़ामन गंझू, सुरेश महतो समेत कई महिला पुरूष उपस्थित थे।

## टंडवा में मगध प्रबंधन ने बांटे कंबल



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध-संघमित्रा कोल परियोजना प्रबंधन द्वारा सामाजिक दायित्व अंतर्गत बुधवार को परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। प्रबंधन की ओर से जानकारी देते हुवे बताया गया कि कोयद, मासिलौंग, उपकापानी, चातर और कुडलुंगा गांव के लगभग 300 लोगों के बीच कंबल बांटा गया है। इस मौके पर सीसीएल के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# कनाडा ने स्टूडेंट वीजा में की कटौती

कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने विदेशी स्टूडेंट्स को दिये जाने वाले वीजा में कटौती करने का जो फैसला किया है, वह भारतीय युवाओं को खास तौर पर प्रभावित करने वाला है। हालांकि इसके पीछे घरेलू वजहें हैं और यह कदम भी फिलहाल दो वर्षों के ही लिए उठाया गया है। कनाडा सरकार कह रही है कि 2025 में इस पर पुनर्विचार करेगी। कनाडा पिछले कुछ समय से जबर्दस्त आवास संकट से जूझ रहा है। वहां कई वजहों से घरों के निर्माण की गति सुस्त पड़ी, जिससे मांग के मुताबिक घरों की उपलब्धता कम पड़ गयी। सस्ता आवास उपलब्ध कराने में नाकामी वहां एक बड़ा मुद्दा बन गया है, जो प्रधानमंत्री ट्रूडो की लोकप्रियता में गिरावट का कारण बन रहा है। विपक्षी दलों ने भी इसे मुद्दा बना लिया, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ता गया। इस संकट से जुड़ा एक पहलू वहां की इमिग्रेशन पॉलिसी है। कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में विदेशी छात्रों के आने से डिमांड और सप्लाई का अनुपात गड़बड़ा रहा है। इन छात्रों की वजह से आवास की मांग बढ़ रही है और इसकी कीमतों के और चढ़ने के हालात बन रहे हैं। हालांकि कनाडा की इकॉनमी के लिहाज से भी ये अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स खासे अहम माने जाते रहे हैं। भारत-कनाडा के बीच रिश्ते भी फिलहाल अच्छे दौर से नहीं गुजर रहे। ट्रूडो द्वारा खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप सार्वजनिक रूप से भारत पर लगाये जाने के बाद रिश्ते स्वाभाविक ही खासे तनावपूर्ण हो गये। कनाडा अभी तक उन आरोपों के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाया है। दूसरी तरफ भारत की पहले से यह शिकायत रही है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों को भारत विरोधी गतिविधियों की पूरी छूट मिली हुई है। दोनों देशों के बीच पीपल टु पीपल कनेक्ट काफी पहले से और बेहद मजबूत रहा है। कूटनीतिक स्तर पर आये तनाव का उस पर तत्काल कोई असर नहीं पड़ने वाला। वहां जाने वाले इंटरनेशनल स्टूडेंट्स में सबसे बड़ा हिस्सा भारतीय छात्रों का है। 2022 के आंकड़े देखें तो वहां के विदेशी छात्रों में भारतीयों का अनुपात 41 फीसदी था। ताजा अनुमानों के मुताबिक, 2023 में भी 3,00,000 भारतीय छात्र कनाडा गये थे। जाहिर है, कनाडा में पढ़ाई करके करियर बनाने का सपना देख रहे भारतीय युवाओं के लिए यह कोई अच्छी खबर नहीं है। यह इस बात का उदाहरण है कि सरकारों के बीच रिश्तों के मुकाबले दो देशों के बीच का रिश्ता ज्यादा स्थिर और ज्यादा दीर्घकालिक होता है। उम्मीद की जाये कि यह तात्कालिक संकट दोनों देशों में आपसी रिश्तों की गहराई का अहसास कराते हुए इन्हें पॉजिटिव बनाये रखने की भावना मजबूत करेगा।

**ताजा अनुमानों के मुताबिक, 2023 में भी 3,00,000 भारतीय छात्र कनाडा गये थे। जाहिर है कनाडा में पढ़ाई करके करियर बनाने का सपना देख रहे भारतीय युवाओं के लिए यह कोई अच्छी खबर नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**25 सितंबर 1990, भाजपा अध्यक्ष अडवानी ने गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा आरंभ की, जो अक्टूबर में अयोध्या पहुंच कर संपन्न हुई। इस रथ यात्रा से यह स्मारक धार्मिक संदर्भ से बाहर निकल गया और भाजपा को हिन्दू राष्ट्रवाद की भावना भरने के लिए एक सशक्त राजनीतिक साधन मिल गया और तब से यह भारत का एक प्रभावशाली राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। उसके बाद 6 दिसंबर, 1992 को कार सेवकों ने मस्जिद को ध्वस्त किया।**

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा, विपक्ष का हिंदूवाद बनाम भाजपा का हिंदुत्व

पूनम आइ कौशिश



सितंबर 1984, विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद के विरुद्ध अभियान छेड़ा और उसके ताले खोलने की धमकी दी। दो वर्ष बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इसकी स्वीकृति दी और हिन्दुओं ने मस्जिद में प्रवेश किया। वर्ष 1989, राजीव गांधी ने मंदिर के शिलान्यास की अनुमति दी और अयोध्या से लोकसभा चुनाव प्रचार आरंभ किया तथा राम राज्य लाने का वायदा किया।

25 सितंबर 1990, भाजपा अध्यक्ष अडवानी ने गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक की रथ यात्रा आरंभ की, जो अक्टूबर में अयोध्या पहुंच कर संपन्न हुई। इस रथ यात्रा से यह स्मारक धार्मिक संदर्भ से बाहर निकल गया और भाजपा को हिन्दू राष्ट्रवाद की भावना भरने के लिए एक सशक्त राजनीतिक साधन मिल गया और तब से यह भारत का एक प्रभावशाली राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। उसके बाद 6 दिसंबर, 1992 को कार सेवकों ने मस्जिद को ध्वस्त किया। 9 नवंबर 2019, उच्चतम न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक सर्वसम्मत निर्णय में कहा कि अयोध्या में 2.77 एकड़ का विवादित भूखंड, जहां पर बाबरी मस्जिद है, राम का जन्म स्थान है, इसे राम लला को सौंप दिया जायेगा। इस मामले में राम लला तीन पक्षकारों में से एक थे।

**22 जनवरी आधुनिक भारत का राष्ट्रीय पर्व है, क्योंकि इस तरह का कोई अन्य आयोजन नहीं किया गया।**

20 जनवरी, 2024, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया और इसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भाजपा का समारोह बताया और यही इंडिया गठबंधन के विपक्षी नेताओं ने भी किया। तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी ने इसे राजनीतिक दिखावा बताया तो राकांपा के पवार, सपा के अखिलेश यादव और आप के केजरीवाल ने कहा कि वे वहां बाद में जायेंगे। द्रमुक के स्टालिन ने कहा कि मस्जिद को गिराने के बाद मंदिर के निर्माण को राज्य स्वीकार नहीं कर सकते। उत्साहित भाजपा ने विपक्ष के इस निर्णय पर कहा कि विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी से ईर्ष्या करता है, उनके प्रति विद्वेष रखता है और उनमें हीन भावना है।

भाजपा के लिए राम लला की प्राण प्रतिष्ठा एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो हिन्दू पहचान और आस्था से जुड़ा हुआ है और आगामी चुनावों में राजनीतिक निर्वाण प्राप्त करने का मार्ग है। 1984 में लोकसभा में केवल 2 सीटों से लेकर 2019 में भाजपा की लोकसभा में 303 सीटें आ गई थीं और अब वह 400 से अधिक सीटें लाने की आशा कर रही है। निःसंदेह मोदी ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रमाणित कर दिया है कि वे आम आदमी की रग को पहचानते हैं। सबसे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा से सदियों से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया है।

विडंबना देखिए कि ताला कांग्रेस ने खोला, किंतु चाबी भाजपा को मिली और उसे इतिहास में भारत को राम राज्य में बदलने की विरासत मिलेगी। राम भक्त बनाम मौसमी हिन्दू के बारे में विपक्ष और भाजपा की तू-तू, मैं-मैं चल रही है और यह कहा जा रहा है कि धर्म व्यक्तिगत मामला है। कांग्रेस के राहुल गांधी ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा का समय जानबूझकर चुनावों के नजदीक रखा गया है। हिन्दू धर्म अन्य धर्म के लोगों के साथ अत्याचार करने वाला नहीं है। हिन्दू धर्म किसी सिख या किसी मुस्लिम को पीटने वाला धर्म नहीं है, जबकि हिन्दुत्व निश्चित रूप से है।

काश कांग्रेस और कंपनी जनता को हिन्दुत्व के बारे में उपदेश न देती। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उपस्थित न रहकर उन्होंने बहिष्कार की राजनीति अपनाई है, हालांकि वे कट्टर हिन्दू होने का दावा करते हैं और 22 जनवरी को विभिन्न राज्यों में मंदिरों में गये, ताकि उन्हें हिन्दू विरोधी न समझा जाये। किंतु उनमें से अधिकतर को तुष्टीकरण की राजनीति करते देखा जा रहा है। उन्हें टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थक माना जा रहा है, जो मुसलमानों का समर्थन करते हैं। हिन्दू और अतिवादी हिन्दुओं के बीच इस रस्साकशी में धर्म से क्या अपेक्षा की जाती है? प्रश्न उठता है कि क्या हिन्दुत्व और हिन्दूवाद कर्म एक समान हैं? इनसाइक्लोपीडिया ऑफ हिन्दुइज्म के अनुसार, हिन्दुत्व को एक विचारधारा के रूप में परिभाषित किया गया है और यह हिन्दू जाति की संस्कृति है जबकि हिन्दू धर्म इसका एक तत्व और हिन्दू धर्म हिन्दुओं, सिखों और बौद्धों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक प्रथा है।

मरियम वैबस्टर्स की इनसाइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड रिलिजन में हिन्दुत्व को भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय और धार्मिक पहचान की अवधारणा के रूप में परिभाषित किया गया है। यह शब्द धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान पर आधारित भौगोलिक सीमा से परे है और एक सच्चा भारतीय वह है जो इस हिन्दू धर्म को मानता है। 1920 के दशक के आरंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक सावरकर ने हिन्दुत्व के मूल तत्वों के बारे में लिखा, जहां पर उन्होंने इसे एक सांझा राष्ट्र, सांझी जाति, सांझी संस्कृति या सभ्यता के रूप में परिभाषित किया है। भारतीय संस्कृति को हिन्दू मूल्यों का प्रकटन कहा है और यह अवधारणा हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा का मुख्य सिद्धान्त बना। हिन्दुत्व का तात्पर्य सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है न कि धार्मिक। उन्होंने कहा कि यदि भारत को अपने मूल तत्वों को बचाये रखना है, तो उन्हें सुदृढ़ होकर एकजुट होना होगा और उनकी राय में उनको एकजुट करने का साधन हिन्दू सभ्यता और हिन्दू जीवनशैली है।

वर्ष 1966 में न्यायालय ने कहा कि हिन्दुइज्म को परिभाषित करना असंभव है, यह जटिल है। ऐतिहासिक दृष्टि से इसकी समावेशी प्रकृति है और इसे एक जीवन शैली के रूप में वर्णित किया जा सकता है। नास्तिक और आस्तिक सभी हिन्दू हो सकते हैं यदि वे हिन्दू संस्कृति और जीवन प्रणाली को अपनाते हैं। हिन्दुत्व किसी संगठित धर्म के विरुद्ध नहीं है और न ही यह स्वयं को किसी अन्य धर्म से ऊपर मानता है। स्पष्ट है कि विपक्ष को अधिक कल्पनाशील, राजनीतिक और साहसिक प्रत्युत्तर देना चाहिए। उन्हें एक वैकल्पिक विचार और राजनीति करनी चाहिए। उन्हें कठिन राजनीतिक श्रम करना चाहिए और जनता की भाषा में जनता से संवाद करना चाहिए और उनके उत्थान की बात करनी चाहिए न कि भाजपा द्वारा निर्धारित एजेंडे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करनी चाहिए, क्योंकि मैदान छोड़ना राजनीति नहीं है।

22 जनवरी आधुनिक भारत का राष्ट्रीय पर्व है, क्योंकि इस तरह का कोई अन्य आयोजन नहीं किया गया, जिसे केवल भाजपा का प्रचार कहा जा सके। यह भारत को एक संवैधानिक राज्य से एक सभ्यतामूलक राज्य में बदलने का प्रतीक है, जिसकी अपनी विशिष्ट संस्कृति और विरासत है। सत्तारूढ़ वर्ग द्वारा किसी भी धर्म के प्रति पक्षपात दिखाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे अंतर-धर्म संबंधों में गंभीर तनाव आ सकता है, क्योंकि स्वयं मोहम्मद इकबाल ने राम को इमाम-ए-हिन्द कहा था। निःसंदेह हमारे राजनेताओं को, चाहे राम भक्त हों या रहीम भक्त, आम आदमी की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करना बंद करना चाहिए। राजनीतिक इच्छा शक्ति और अपने प्राधिकार से सरकार और विपक्ष भारत के सुनहरे भविष्य के लिए सांप्रदायिक सौहार्द स्थापित कर सकते हैं। क्या वे ऐसा करेंगे?

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजमो ने कदमा में पैरलल आउटर सर्किल रोड को बंद करने के खिलाफ खोला मोर्चा, डीसी को सौपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** कदमा में बीते 100 साल पुरानी के डी फ्लैट मैन रोड और आउट हाउस रोड में गेट लगाकर बाउंड्री वॉल कर बंद करने पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने विरोध शुरू कर दिया। बुधवार को भाजमो के केंद्रीय महासचिव सह कोल्हान प्रभारी संजीव आचार्य के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल डीसी कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने डीसी के नाम एक मांग पत्र सौंप कर सड़क चालू कराने की मांग की। कोल्हान प्रभारी संजीव आचार्य ने बताया कदमा पूराने बस स्टैंड के समीप केडी फ्लैट मैन रोड और आउट हाउस रोड बिना सूचना के बंद कर दिया गया। जिसके कारण भाटिया बस्ती, रामजनम नगर, ईसीसी फ्लैट, बागे बस्ती, प्रतिमा बस्ती, नगरकोट, केरला पब्लिक स्कूल, डब्बा स्कूल, किशोर संघ स्कूल, कदमा भाटिया पार्क-बस्ती सहित अन्य बस्ती और फ्लैट सहित मरीन ड्राइव को जोड़ने वाली 100 साल पुरानी सड़क बंद होने से लाखो लोगो की परेशानी बढ़ गयी है। इस सड़क को बंद करने के कारण कदमा भाटिया बस्ती, नेताजी सुभाष चंद्र पार्क रोड में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कारण एक ही सड़क में कई बैंक, रिलायंस फ्रेश, सड़क किनारे ग्राहको के खाने पीने की सेवा व बड़े-बड़े मेडिकल, दुकान, मकान फ्लैट रहने वाले लोंगो को उक्त रोड से जाना पड़ता है। हमेशा जाम स्थिति उत्पन्य रहती है। बंद किये गये पूरानी केडी फ्लैट रोड से आम नागरिकों के लिए था। इस रोड से लोग आसानी से अपने दैनिक कार्य ने आना-जाना करते थे। लेकिन बिना नोटिस के पूर्व सूचना दिये बगैर इस तरह से सार्वजनिक रोड को बंद होने पर काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा आम जनता के दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र संज्ञान लें। जिसके लिए आम जनता सदैव आपका आभारी रहेगी। अन्यथा भाजमो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मौके पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के बारीडीह मंडल अध्यक्ष विजय नारायण शर्मा, विधायक प्रतिनिधि कमल किशोर, भाजमो नेता जे पांडे, आलोक रंजन, आकाश तारा, कृष्ण यादव, सुशांत कुमार, अभिषेक शर्मा, संजय सिंह, कन्हैया पांडे, धर्मेंद्र सिंह, मोहम्मद शफीक, जुनैद खान, सादात खान, जैकी खान, अमन खान, मोहम्मद मुस्ताक, रिजवान खान, विवेक शर्मा, संदीप कामत, जितेंद्र महतो, मुकेश सिंह, दिलीप नायक,रिशु गुप्ता, संजय जोजो, सूरज सिंह, संजय थापा, कार्तिक मुंडा सहीत अन्य शामिल रहे।

# जमशेदपुर में भाजपा युवा मोर्चा का नव मतदाताओं का सम्मेलन आज, पीएम मोदी करेंगे वर्चुअली संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** भाजपा पहली बार वोटर बने युवाओं से संवाद के जरिये पार्टी से जोड़ने के निमित्त अभियान चलायेगी। बुधवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह नव मतदाता सम्मेलन के झारखंड प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह ने यह जानकारी दी। लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजयुमो झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार 25 जनवरी को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 'नमो नव मतदाता सम्मेलन' के माध्यम से युवाओं से संपर्क साधेगी। सम्मेलन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हजारों नवमतदाता शामिल होंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल संवाद करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने बताया 25 जनवरी को पूरे देश में नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन होगा। नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार वोटर बन रहे युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। सम्मेलन में प्रत्येक विधानसभा के न्यूनतम 1000 नव मतदाताओं की सहभागिता होगी। सभी को गुरुवार सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन से बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जोड़ा जायेगा। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पुर्वी, पश्चिमी, जुगसलाई और पोटका विधानसभा में नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रीतम पार्क पटेल नगर पब्लिक स्कूल के समीप, मानगो हीरा होटल मैदान, गोविंदपुर भाजपा कार्यालय के समीप ब्रह्मर्षि विकास भवन व बागबेड़ा रेलवे हाई स्कूल के समीप साई मंदिर मैदान में सम्मेलन से सभी शामिल होंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के हित में लगातार निर्णय ले रहे हैं। युवाओं को राजनीति में सक्रिय होने और राष्ट्र निर्माण में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। सम्मेलन में विकसित भारत एंबेसडर के तौर पर युवाओं का रजिस्ट्रेशन भी किया जायेगा।

भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया नमो नवमतदाता सम्मेलन की सफलता हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लेकर युवाओं में काफी उत्साह माहौल है। सम्मेलन में प्रत्येक विधानसभा में 18 से 25 वर्ष की आयु के कम से कम 1000 नवमतदाता आगामी लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे। वैसे सभी युवा सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, भाजयुमों प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुराग जायसवाल और युवा मोर्चा के जमशेदपुर जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल मौजूद रहे।

# फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड ने बुजुर्गों के बीच भजन का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड की ओर से गणतंत्र दिवस से पूर्व न्यू बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के बीच दोपहर का भजन का आयोजन किया। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी के सभी सदस्य शामिल रहे। मौके पर उन्होंने बुजुर्गों के बीच भारत के 75वां गणतंत्र दिवस की जानकारी देते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर फोटोग्राफर सोसायटी की ओर से सुमंत कुमार शर्मा, तपन घोष, नितेश कुमार, अभिषेक कुमार, विजय सिंह, मनोज दोषी सहित अन्य शामिल रहे।

# गधड़ा कॉलेज मैदान के टुसू मेला में प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** गधड़ा कॉलेज मैदान में तेतुल बागान क्लब के द्वारा टुसू मेला का आयोजन किया गया।मेला में ग्रामीण क्षेत्र के दूर दरार से कुल 27 टुसु प्रेमी टुसू लेकर शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अथिति जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, विशिष्ट अतिथि सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजू सामंत, समानित अथिति में शिवा नाग, ग्राम प्रधान सुखलाल हेंब्रम सहित अन्य शामिल हुए। मौके पर प्रथम पुरस्कार पोटका रोलडीह को 7000, द्वितीय पुरस्कार जगमोहन की टुसू टीम बड़ा गधड़ा को 5000, तृतीय पुरस्कार गीतिलता की टुसू टीम को 3000, चौथा पुरस्कार तुपुडांग के अजित प्रधान की टीम को 2000 नगद देकर अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही टुसू लेकर आये हुए सभी प्रतिभागियों को संतावना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर तेतुल बागान बॉयज क्लब के अध्यक्ष विश्वजीत भगत, जेना जमुदा, रतन टुडू, बिरजू पात्रों, राकेश सिंह विवेक गुप्ता, मनोज दास, पांडू हेंब्रम, लक्ष्मण मुंडा, अनूप, सुखराम, मनोज, लक्ष्मण सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

# डालसा ने स्लम बस्तियों में कंबल बांटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए डालसा की ओर से बुधवार को स्लम बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण के साथ अलाव जलवाया गया। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश विजय कुमार, सीजेएम कविताजली टोप्पो, डालसा सचिव अनामिका किस्कू, एसडीएम पारुल सिंह, कालूराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी और अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर सबसे पहले डालसा की टीम सिनी पहुंची। जहा स्वर्णपुर गांव के ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण कर अलाव जलवाये। उसके बाद टीम के सभी सदस्य गम्हरिया उषा मोड़ के समीप सालडीह बस्ती पहुंची। यहां भी ग्रामीणों के बीच कंबल और बिस्किट बांट कर अलाव जलवाये। उसके बाद सभी कपाली के डोबो बस्ती पहुंची।ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण कर अलाव जलवाए। मौके पर सभी जगह पीडीजे ने ग्रामीणों संग संवाद करते हुए डालसा के सम्बंध में जानकारी दी। साथ ही न्यायिक संबंधी सभी सेवा के लिए संपर्क करने की बात कही। पीडीजे विजय कुमार ने बताया कि वैसे लोग जो किसी न किसी वजह से अपने हक और अधिकार से वंचित रह रहे हैं। वे डालसा से संपर्क करें।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि गरीबों, शोषितो, वंचितो, दलितों की आवाज को बुलंद करने वाले जननायक नेता को जन्म शताब्दी दिवस के पूर्व भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे जाने पर भारत के जन-जन के नेता गरीबों, पिछडो, वंचितों, दलित सबको साथ लेकर चलने वाले विश्व के सर्वमान्य नेता आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा कि वर्षो पुरानी मांग को सबको साथ लेकर चलने वाले नेता नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। श्री केसरी ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की भी घोषणा होनी चाहिए, साथ ही जहां-जहां उनकी प्रतिमा है, वहां पर सरकार की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि ऐसा करने से हम आज के नयी पीढ़ी के बीच जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों को फैलाकर पूरे राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करने में सहभागिता कर सकते हैं।

## एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 जनवरी को खेला जायेगा




मझिआंव (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुखदेव हाई स्कूल के मैदान में 26 जनवरी को खेला जायेगा। एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि भीम आर्मी से प्रदेश महासचिव सह आजाद समाज पार्टी के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावि विधायक प्रत्याशी सिराज खान के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया जायेगा। फाइनल मुकाबला आरके 11 और बभनी के बीच खेला जायेगा। खेल समापन के पश्चात विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसकी जानकारी एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट की व्यवस्थापक शाहबाज खान ने दिया।

## झामुमो का वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत मानपुर पंचायत झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड कमेटी ने भाग लिया। इस अवसर पर एक ओर लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। वहीं दूसरी ओर झामुमो पंचायत अध्यक्ष के रूप में पूर्व मुखिया असमुदीन अंसारी को सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिन्हें नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करना है। इस मौके पर जिला युवा अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, सचिव इरफान अंसारी, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, राजकिशोर राम, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, मुखिया हासिम, मुमताज अली रंगसाज, सूरज रजक सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ब्रह्मदेव प्रसाद नें ओबीसी के 11 फरवरी को ऐतिहासिक महासम्मेलन में शामिल होने के लिए अपील की



मझिआंव (आजाद सिपाही)। ओबीसी एकता अधिकार मंच के द्वारा मझिआंव बस स्टैंड में जागरूकता रथ के माध्यम से नुक्कड़ सभा आयोजित की गयी, जिसमें ओबीसी एकता अधिकार मंच के संयोजक श्री ब्रह्मदेव प्रसाद ने आगामी 11 फरवरी 2024 को ऐतिहासिक महासम्मेलन में शामिल होने को लेकर अपील किया। श्री प्रसाद ने कहा कि ओबीसी महासम्मेलन एक ऐतिहासिक होगा, जिसमें ओबीसी समाज के लोग अपनी एकजुटता का परिचय देंगे। मेदिनीनगर शिवाजी मैदान में 11 फरवरी को आहूत महासम्मेलन की तैयारी की जा रही है। ओबीसी एकता रथ घूम-घूमकर पिछड़े वर्ग के लोगों को जागरुक कर रही है तथा उनके अधिकार के बारे में बताया जा रहा है। वहीं मौके पर वीरेंद्र चंद्रवंशी, अशोक पाल, अशर्फी चंद्रवंशी, अमर कुमार तथा ओबीसी अधिकारिक मंच के कई पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सड़क विकास का आइना है : विधायक

**भानु प्रताप शाही ने धुरकी प्रखंड अंतर्गत तीन सड़कों का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने धुरकी प्रखंड अंतर्गत तीन सड़क का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर किया। मौके पर भानु प्रताप शाही ने कहा कि धुरकी प्रखंड में तीन सड़क बीसुनिया से टटीदीरी, परासपानी पानी टंकी से सुखलदरी झरना तक, शुरू मोड़ से भूमफोर तक ग्रामीणों ने इस सड़क मांग किये थे, उसे पूरा किया गया। सड़क का निर्माण हो जाने से सभी गांव मुख्य सड़क से जुड़ जायेगा। गांव मुख्य सड़क से जुड़ जाने से गांव का सर्वाधिक विकास हो पायेगा। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का आइना है, जबतक विकास का किरण दिखायी नहीं देगा तबतक सामाजिक विकास नही हो पायेगा उन्होंने कहा कि गांव में बिजली नही था, कुछ इलाके में बिजली जलता था। लेकिन अब भगोडीह में पावर ग्रिड और टाटीदीरी में पावर सबस्टेशन बनवा दिये जाने से इस क्षेत्र में 22 घंटा बिजली दिलाने का कार्य किया हूं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की विकास के कार्यो से घबराते हुए आतंकवादी से गले लगा रहे है और भानु को उग्रवादी बता रहे है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामप्रवेश गुप्ता, अखिलेश यादव, महामंत्री मंगल यादव, सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, अरविंद तूफानी नंदकिशोर यादव, नदरमणी जायसवाल चनदरदेव बैठा, तेजू कोरवा, शशी कमलापूरी, श्यामकिशोर विश्वकर्मा, विपिन यादव, बलवंत यादव, रबिन्द्र यादव सहित सैकडों लोग उपस्थित थे।

## कर्पूरी ठाकूर का जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा : अलखनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री सह जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती आरके पब्लिक स्कूल में मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। असेंबली में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को उनके जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री के पद को उन्होंने सुशोभित किया। वे बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। उनकी विचारधारा हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। गरीबों, दलितों और पिछड़ों को हक और अधिकार दिलाने में कपूर्री ठाकुर का योगदान सराहनीय है, इसे भुलाया नहीं जा सकता। सामाजिक न्याय के पुरोधा के साथ वे एक कुशल संगठनकर्ता भी थे। सामाजिक बदलाव की शुरूआत उन्होंने की।

वे पहले मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने मैट्रिक तक निःशुल्क पढ़ाई की घोषणा की थी। उनका जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा। बेरोजगारी कैसे खत्म हो और लोगों को रोजगार देने की दिशा में उनके द्वारा किये गये कार्य सराहनीय हैं। इस दिशा में इंजीनियरिंग की डिग्री रखने वाले 5000 युवाओं को गांधी मैदान में बुलाकर नियुक्ति पत्र बांटने का काम किया। राजनीति को जन सेवा की भावना के साथ उन्होंने जिया था। उनकी इसी सेवा भावना के कारण ही जननायक कहा जाता है। उनका जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा। उनके बताये रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## बाबू दिनेश सिंह विवि में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता के द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में नेताजी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, तथा देश के युवा पीढ़ी को उनके योगदान के बारे में अवश्य अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रो० (डॉ०) एमके सिंह ने प्रोत्साहन देते हुए बधाई दी। कार्यक्रम में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओ में बीएड की छात्रा अंजलि पटेल और छात्र प्रदीप कुमार वैद्य ने नेताजी की जीवनी को प्रस्तुत किया और उनके बारे में बताया। साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकों में शशिकांत सिंह यादव, आनंद कुमार चौबे, जनार्दन शुक्ला, अशोक कुमार यादव, अभिमन्यु शुक्ला उपस्थित रहे। शिक्षकेतर कर्मचारियों में राकेश सिंह, सुधीर धर दुबे और बीएन सिंह उपस्थित रहे।

## सदियों तक याद किये जायेंगे नेताजी : एमपी केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती उत्साहपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि आज ही के दिन स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक सुभाष चंद्र बोस का जन्म कटक के प्रसिद्ध वकील जानकीनाथ तथा प्रभावती देवी के यहां हुआ था। उनके पिता ने अंग्रेजों के दमन चक के विरोध में रायबहादूर की उपाधि लौटा दी। अंग्रेजी सरकार के द्वारा हो रहे भारतीयों के ऊपर अत्याचार और शोषण के विरुद्ध में भारत से अंग्रेजों को खदेड़ने एवं स्वतंत्र कराने का संकल्प ले राष्ट्रकर्म की राह पर चल पड़े। सन् 1938 में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। बच्चों में नेताजी की झलक मिलनी चाहिए, ताकि बच्चे देश और मानवता की सेवा कर सके।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, संजीव कुमार, मुकेश भारती, बीरेंद्र गुप्ता, नीरा शर्मा, सरिता सुनिता कुमारी, निलम सुषमा, शिवानी कुमारी सुस्मिता कुमारी, रिजवाना शाहिन की भूमिका सराहनीय रही। मंच संचालन बीके ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक संतोष प्रसाद ने की।

# 36 वर्षो से की जा रही मांग आज पूरी हुई : गुप्तेश्वर ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन गढ़वा के तत्वाधान में शोषित वंचित व पिछड़ों के मसीहा जननायक कपूर्री ठाकुर की जन्म शताब्दी मनायी गयी। सर्वप्रथम जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गुप्तेश्वर ठाकुर ने कहा कि आज का दिन बड़ा हीं पावन है, आज ही के दिन जननायक कर्पूरी ठाकुर जैसे महान शख्सियत का जन्म हुआ था। कपूर्री ठाकुर का जन्म बिहार के समस्तीपुर जिला के पीतौंझिय ग्राम में हुआ था। कपूर्री जी ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और शोषित समाज के उत्थान को समर्पित किया। उनकी जीवनी से आज के राजनेताओं को सीख लेने की आवश्यकता है, वह एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे, लेकिन जब वह दुनिया से गये तब तक अपने आश्रितों के लिए एक ढंग का मकान तक नहीं बना पाये थे। आज उनकी जयंती से एक दिन पूर्व भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने का ऐलान किया है इस फैसले का हम स्वागत करते हैं और महामहिम राष्ट्रपति श्री मती द्रौपदी मुर्मू और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। जो सामान उन्हें आज मिला उसकी मांग 36 वर्षों से किया जा रहा था। **प्रमंडलीय युवा अध्यक्ष रविंद्र नाथ ठाकुर** ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय के पुरोधा रहे। उन्होंने कभी अपने लिए नहीं जीया सदैव शोषित वंचित पीड़ित के हक और अधिकार दिलाने के लिए लड़ते रहे। **जिला सचिव विजय ठाकुर ने** कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे, वह देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जागते रहे। उपाध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर जी भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 26 माह के लिए जेल भी गये और उसके बाद सक्रिय राजनीति का हिस्सा बने। दबे कुचले पीड़ित-शोषित की आवाज बने। मौके पर अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के अशोक ठाकुर, नंदू ठाकुर, मनोज ठाकुर, श्याम सुंदर ठाकुर, डॉ जेपी ठाकुर, डॉ विश्वनाथ ठाकुर, चतुरी ठाकुर, सुदामा ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे

**जयंती मनायी गयी: बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल श्री बंशीधर नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के अध्यक्षता में स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर का जयंती मनायी गयी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, सिमडेगा।
"शुद्धि पत्र"

पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत PR No.- 315947 Simdega(23-24).D से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–प0नि0वि0/सिमडेगा/19/2023–24, दिनांक 12.01.2024 द्वारा आमंत्रित सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलवा–उड़ीसा सीमा तक पथ के 18वें0 कि.मी. में 3m x 4m आकार का RCC पुलिया निर्माण एवं पथ मरम्मति कार्य (कुल लंबाई 48.21 कि.मी.) के निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR 316795 Simdega(23-24)D

कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)
शुद्धि पत्र

नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत साफ–सफाई हेतु मजदूर, वाहन चालक, सफाई पर्यवेक्षक एवं सफाई कार्य में प्रयुक्त सफाई संयत्र सहित को न्यून्तम दर पर आपूर्ति करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 01/2023–24 के द्वारा PR No- 316626 से निकाली गई थी, जिसमें प्राप्त दर को दिनांक – 04.02.2024 को अपराह्न 02:00 बजे खोला जाना था। दिनांक – 04.02.2024 को रविवारीय अवकाश होने के कारण खोलने तिथि संसोधित करते हुए दिनांक – 05.02.2024 को अपराह्न 02:00 बजे निर्धारित की गई है। शेष यथावत रहेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 316782 Urban Development(23-24)D

## बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। समधी के घर से लौट रहे यूपी विंढमगंज निवासी उदय कुमार की बाइक दुर्घटना में मौत हो गयी, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर के अनुसार उदय कुमार (50) अपने साथी बिहार नोहट्टा थाना के बेलदूरिया निवासी जमुना सिंह के साथ भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चेरवाडीह अपने समधी नागेश्वर सिंह के घर गया था। उक्त दुर्घटना में उदय की मौके पर ही मौत गयी, जबकि जमुना सिंह को घायलावस्था में सीएचसी भवनाथपुर में भर्ती कराया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–49/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 31.01.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 01.02.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.02.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Plantation and Maintenance of Garden in the Campus of C.M. Secretariate at Kanke Road, Ranchi for the year 2024-25 (Period 01- 04-2024 to 31-03-2025) | 2218900.00 | 44400.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 2 | Day to Day Maintenance in Combined Office Building B.C.D. & CNC, Ranchi for the year 2024-25 (Period 01-04-2024 to31-03-2025) | 3466800.00 | 69400.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 3 | Plantation and Maintenance of Garden in the Campus of Old SDO & RDC Residence, Residential Area (Occupied by Present C.M.) at Mayer's Road, Ranchi for the year 2024-25 (Period 01-04-2024 to31- 03-2025) | 3020800.00 | 60500.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 4 | Plantation and Maintenance of Garden in the Campus of C.M. House Kanke Road, Ranchi for the year 2024-25 (Period 01-04-2024 to31- 03-2025) | 4985000.00 | 99700 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 5 | Plantation and Maintenance of Garden in the Campus of Old SDO & RDC Residence, Residential Office Area (Occupied by Present C.M.) at Mayer's Road, Ranchi for the year 2024-25 (Period 01-04-2024 to31- 03-2025) | 890000.00 | 17800 | 1250.00 | 31.03.2025 |
| 6 | Supply of Flower Guchchha and Flower Bouquet at C.M. House and Residential Office at Mayor's Road, Ranchi for the year 2024-25 (Period 01-04-2024 to31-03-2025) | 4272400.00 | 85500.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 7 | Day to Day Maintenance of Collectorate Building Block-A (Period 01-04-2024 to 31-03-2025), Ranchi for the Year 2023-24 | 4390300.00 | 87900.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 8 | Day to Day Maintenance of Collectorate Building Block-B (Period 01-04-2024 to 31-03-2025), Ranchi for the Year 2023-24 | 4155200.00 | 83200.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 9 | Plantation and Maintenance of Garden for Hon'ble Chief Justice Residence at Kanke Road, Ranchi for the Year 2024-25 (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 4657700.00 | 93200.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 10 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawn, Gamla and Other works for State Guest House at Circular Road, Ranchi for the Year 2024-25 (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 2087700.00 | 41800.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 11 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawns & Gamla for Hon'ble Judges Bungalow (Staff Quarter) No. 12 and Hon'ble Judges Bungalow (Staff Quarter) No. 19 at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 3137700.00 | 62800.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 12 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawns and Gamla of Old High Court Building Premises & Hon'ble Judges Guest House No.- 132 at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 4225500.00 | 84600.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 13 | Day to Day Maintenance of Garden and Gamla With Lawn for Staff Quarter No. 01, 02, 03, 06 & Jhalsa at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 4997700.00 | 100000.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 14 | Day to Day Maintenance of Garden, lawn and Gamla for Judge's Bungalow No 4(New), 5(New) & 6(New) in the Campus of New Six Hon'ble Judge Bungalow at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 4003300.00 | 80100.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 15 | Day to Day Maintenance of Garden, lawn and Gamla for Judge's Bungalow No 1(New), 2(New) & 3(New) in the Campus of New Six Hon'ble Judge Bungalow at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 4072800.00 | 81500.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 16 | Day to Day Maintenance of Garden and Gamla with lawn for Hon'ble Judge's Boungalow No.- 2 (Old) & 6 (Old) at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 3718400.00 | 74400.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 17 | Day to Day Maintenance of Garden and Gamla with lawn for Hon'ble Judge's Bungalows 1(Old), 4(Old) & 5(Old) at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 4994500.00 | 99900.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 18 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawns & Gamla for Hon'ble Judges Bungalow No.-119 and Rajendra Chowk Bungalow No.- 3 at Doranda, Ranchi for the year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-4-2024 to 31-03-2025) | 3959400.00 | 79200.00 | 5000.00 | 31.03.2025 |
| 19 | Day to Day Maintenance of Small Repair of Hon'ble Judges Bungalow and High Court Staff Quarter (High Court Pool) at Doranda Ranchi for the Year 2024-25 (High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 1368900.00 | 27400.00 | 2500.00 | 31.03.2025 |
| 20 | Day to Day Maintenance and Small Repair of High Court Building, Judges Guest House (Bungalow-132) and JHALSA Building at Doranda, Ranchi for the Year 2024-25 ( High Court Pool) (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 581500.00 | 11700.00 | 1250.00 | 31.03.2025 |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

"Nothing like voting, I vote for sure"

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 316902 Building(23-24)#D

# मनायी गयी अब्दुल रज्जाक अंसारी जयंती



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल रज्जाक अंसारी की जयंती मोमिन भवन लोहरदगा में मनाई गई। इस मौके पर मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहादत हुसैन ने कहा की अब्दुल रज्जाक अंसारी छोटानागपुर स्वतंत्रता के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए और हमेशा दबे कुचले की आवाज बने। जिला मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष सिकंदर अंसारी ने कहा की रज्जाक अंसारी हमेशा दबे कुचले की आवाज थे। अपने बिहार के समय एम एल सी बने तो मोमिन अंसारियो के लिए बीभर्ष का निर्माण किए और सरकार से उचित मूल्य पर सुत का इंतजाम करवाए पूरे छोटा नागपुर के मोमिनों को जागृत किये। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोमिन कांफ्रेंस मोजामिल अंसारी, सवारत हुसैन, कार्यकारी अध्यक्ष जहूर अंसारी, रऊफ अंसारी, रहमत अंसारी, सरफुल अंसारी, अब्दुल कादिर अंसारी,कमरुद्दीन अंसारी,आदि उपस्थित थे।

## लातेहार पुलिस ने अफीम तस्करों को धर दबोचा

# साढ़े तीन किलो अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**अफीम तस्कर कार्य करना बंद कर दें नहीं तो सलाखें के पीछे नजर आएंगे: अंजनी अंजन**

मुकेश कुमार सिंह/ रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस अधीक्षक महोदय, लातेहार को सूचना प्राप्त हुई कि एक उजला रंग के बोलेरो पर सवार तीन व्यक्ति अफीम की तस्करी के लिए मुरपा से बालूमाथ की तरफ जा रहा है।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अनु०पु०पदा०,बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा



रामघाट के पास बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाकर बोलेरो का जांच किया गया। जांच के क्रम में बोलेरो के पिछले सीट के नीचे छिपाकर रखा हुआ लगभग 3.700 किग्रा गीला अफीम (गदा) और तीन मोबाईल फोन को जप्त किया गया। बोलेरो में सवार तीन तस्कर अमृत यादव, पिता स्व० रूपलाल यादव। अखलेश यादव, पिता मोहन यादव, बहेरा टोला। रितेश कुमार यादव, पिता स्वर्गीय चरका यादव। तीनों थाना बालूमाथ, जिला लातेहार को गिरफ्तार गया। इधर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के द्वारा ऐसे कार्य करने वाले लोगों से कहा है कि लातेहार में अफीम तस्कर कार्य करना बंद कर दे नहीं तो जेल का रास्ता ही बचेगा।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.01.2024 को रात्रि में बालूमाथ पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग चलाकर झारखण्ड ढाबा के पास लगभग 04 कि०ग्रा० अफीम के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया था।

**बरामद सामग्री:** 3.700 कि0ग्रा0 गीला अफीम (गदा) एक बोलेरो, तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन।

छापेमारी दल में दिल्लू लोहार, अनु०पु०पदा०, बालूमाथ पुनि शशिरंजन कुमार, बालूमाथ थाना थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो, बालूमाथ थाना पुअनि राहुल कुमार मेहता, बालूमाथ थाना पुअनि धिरज कुमार, बालूमाथ थाना और सशस्त्र बल मौजूद थे।

# उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया फुल ड्रेस परेड रिहर्सल का निरीक्षण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस 2024 के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल बुधवार को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम के मैदान में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में जिला आरक्षी बल की दो (पुरुष-01, महिला-01), गृह रक्षा वाहिनी का 01 (पुरुष), सहायक पुलिस बल की 02 (पुरुष-01, महिला-01), जवाहर नवोदय विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 02 (बालक व बालिका), नदिया हिन्दू स्कूल ऑफ एक्सलेंस विद्यालय लोहरदगा से एनसीसी की 02 (बालक 01 एवं बालिका 01), उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय से गाईड की 01 टुकड़ी और कस्तूरबा बालिका एक्सलेंस उच्च विद्यालय लोहरदगा से 01, संत स्तनालिस उच्च विद्यालय की स्काउट 01 टुकड़ी शामिल हुईं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में होनेवाले मुख्य कार्यक्रम में राज्य के योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर झंडोत्तोलन किया जायेगा।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस कमिटी की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के आवास में एक विशेष बैठक हुई। जिसमें आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा हुई। सभी प्रखंड अध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि जनवरी के अन्त तक बूथ कमिटी का गठन अनिवार्य रूप से करना है। साथ ही बी एल ओ एवम पंचायत अध्यक्ष का प्रशिक्षण शिविर जल्द आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राहुल गांधी के न्याय यात्रा में लोहरदगा जिला से अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई। जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों को अपने अपने कार्य क्षेत्रों में पार्टी को जीतने की जिम्मेवारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, प्रखण्ड अध्यक्ष, तनवीर गौहर, यूनुस अंसारी, जुगल भगत, विनोद सिंह, सत्यदेव भगत, अनिल उरांव, जफरइमामचैनपुर प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बड़ा, डुमरी प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश्वर एक्का, रायडीह प्रखण्ड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर,जफर इमाम, आफताब आलम आदि उपस्थित थे।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

# जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाना है: लव कुमार सिंह

कुतुबुद्दीन

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दो गोनिया व शिबला पंचायत सचिवालय में बुधवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया गया। गोनिया में कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया रानो देवी, शिबला मे मुखिया सुरेश उरांव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे मुखिया उरांव, व देवी, जिप सदस्य रमेश राम, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम,युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी, बीडीओ प्रतिम कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, प्रिंस भारत ग्रामीण वितरक के संचालक मुंशी साव



और बीपीओ केतन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन के पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य राम ने केंद्र के प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाये जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सहित सभी जन कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। वहीं मंडल अध्यक्ष सिंह ने कहा कि प्रखण्ड के कमीयों के द्वारा प्रधानमंत्री के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। आप सभी योग व्यक्ति इसका लाभ लें बिचौलियों के चक्कर मे ना रहे।

सांसद प्रतिनिधि सिंह ने केंद्र सरकार मोदी के नेतृत्व में देश मे हुए सर्वांगीण विकास के बारे में बताते हुए कहा कि देश अपने सबसे सर्वांगीण युग में होने एंव प्रधानमंत्री की क्रियाकलापों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते कद प्रतिष्ठा के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दिया। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी ने भी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ के लिए सिधे कार्यालय में मिलने की बात कहा।

इस दौरान प्रिंस भारत गैस एजेंसी के द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गोनिया के चार लाभुक व शिबला के पांच उज्जवला योजना लाभुकों के बीच अतिथियों के हाथों गैस चुल्हा का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा बीपीओ केतन गुप्ता ने किया।

मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी, समाजसेवी सकिन्दर राम, पंचायत सेवक सेराफिनुस खलखो, सहित काफी संख्या में ग्रामीण व प्रखण्ड कर्मी मौजूद रहे।

# राजद कार्यालय में मनायी गयी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती



रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय लातेहार मे बुधवार को जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई।इस दौरान उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके बताए मार्गो पर चलने की अपील की।जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने भी जयंती समारोह को संबोधित कर कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, छात्र जिला अध्यक्ष सुशील कुमार, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, विजय यादव, उपेंद्र राम, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अजीत श्रीवास्तव, मो. मसूक मियां, संतोष यादव, सयुंब अंसारी, उषा देवी, दलित प्राकोट जिला अध्यक्ष पवन कुमार, निर्मल यादव, लातेहार नगर अध्यक्ष प्रवीण दास, शंकर यादव, चंद्रशेखर कुमार, नंदकिशोर यादव सहित राजद के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सहित दो घायल

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बेड़ो लोहरदगा मुख्यपथ में नौडीहा चौंक के पास सड़क दुर्घटना में बाईक सवार सहित दो लोग घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक बाईक सवार धोबाली निवासी भुनेश्वर बड़ाईक का 25 वर्षीय बेटा अमित बड़ाईक बाईक से भंडरा से धोबाली जा रहा था। इसी क्रम में भंडरा से पझरी की ओर पैदल जा रही छेदन गोप की 19 वर्षीय बेटी उर्मिला कुमारी को पीछे से टक्कर मार दिया। इससे दोनों घायल हो गये। सीएचसी में चिकित्सकों के अनुसार उर्मिला की स्थिति गंभीर है। उसे बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर किया गया है।

# शिविर में दिव्यांगों को सहायता यंत्र उपकरण वितरित

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को जिले में भारत सरकार की एडीआइपी योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनो को सहायता यंत्र,उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखण्ड क्षेत्र के दर्जनों दिव्यांगजन शिविर में पहुँच कर प्रमाण पत्रों की जांच एवं अपने पास उपलब्ध यंत्र आदि की जानकारी दिया। मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं को 25 जनवरी को दिव्यांगजनो को कुडू प्रखंड परिसर पहुँचने तथा लाभुक के साथ जिओ टैग फोटो ग्राफी करने की बात कही, साथ ही साथ दिव्यांगजनो को प्रमाणपत्र ,राशन कार्ड,बैंक पासबुक की फोटो कॉपी एवं एक रंगीन फोट साथ मे लाने को कहा गया।मौके पर महिला पयर्वेक्षिक किरणमाला कुमारी,सुषमा कुजूर एवं आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी,नसीमा खातून,सुचित्रा उरांव,सुगिया कुजूर,सरोज उरांव,सिरोमनि मिंज रुकमणी उरांव आदि उपस्थित थे।

# बजरंग दल के संयोजक ने जिले वासियों का आभार प्रकट किया

रूपेश अग्रवाल

**लातेहार।** बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ कुमार साहू ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर लातेहार में निकाली गयी सभी प्रखंड में शोभा यात्रा की सफलता पर जिलावासियों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा हर घर अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचाया गया और जिस तरह पूरे जिले में दीपावली के जैसा मनाया गया। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए सौरभ कुमार साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम को पूरे जिले में मनाया गया और सभी मंदिरों में भी सुंदर काण्ड, हरिकीर्तन करवाया गया, भंडारा और लड्डू बाट कर खुशियां मनायी गयी। सभी मंदिर समितियों के द्वारा



उन्होंने इस कार्यक्रम व सोभा यात्रा में जिले के सभी प्रखंडों व पंचायतों से भाग लेने वाले लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। बजरंग दल के जिला संयोजक ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही यह कार्यक्रम सफल हो पायी। अगर भारत को फिर से विश्व गुरू बनाना है और उसका समृद्ध वैभव लौटाना है तो हम हिंदूवादी लोगों को एकजुट व संगठित होना होगा।

# 3 वर्षीय बच्ची झुलसी, रिम्स रेफर



**हेरहंज/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के चिरू पंचायत अंतर्गत छोटा रोहन गांव में गर्म पानी से एक तीन वर्षीय बच्ची झुलस गई। जानकारी के मुताबिक उक्त बच्ची छोटा रोहन गांव निवासी जुनैद अंसारी की पुत्री सजीबा परवीन बताया जा रहा है। परिजनों के द्वारा बताया गया कि गर्म पानी घर में रखा हुआ था। तभी बच्ची खेलते खेलते गर्म पानी के पास पहुंच गयी और पानी को गिरा दिया जिससे वह काफी झुलस गयी। परिजनों द्वारा तुरंत आनन फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की नाई समाज ने जयंती मनायी

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा 24 जनवरी दिन बुधवार को राष्ट्रीय नाई महासभा चंदवा के तत्वाधान में भूषाढ के आम बगीचा में कर्पूरी जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने कहा की कपूर्री ठाकुर के आदर्श पर चलने से ही हमारा समाज का कल्याण होगा। वह कल्याण इसके साथ नशा पान से दुर रहना एवं शिक्षा पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। वह भाषण कपूर्री जयंती पर अपना विचार रखा बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से केंद्र सरकार के द्वारा स्वर्गीय



जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने से समाज में खुशी की लहर और साथ ही साथ आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को एक स्वर में धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

मंच का संचालन प्रदीप ठाकुर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अरुण ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहयोग कर्ता बैजनाथ ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, निरंजन ठाकुर, भोला ठाकुर, दिनेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, मनोज ठाकुर, कमलेश ठाकुर, संजय ठाकुर, जगमोहन ठाकुर, रिया कुमारी, रोशनी कुमारी, चुनरी कुमारी, साक्षी कुमारी, जीविका कुमारी, सुनीमा कुमारी, रवि ठाकुर, दुर्गा ठाकुर, सैकड़ो समाज के सदस्य गण उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया पूर्वाभ्यास



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस के मौके पर संध्या छह बजे से पंडित दीनदयाल नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के सभागार में किया गया। पूर्वाभ्यास में चयन समिति के सदस्य एपीओ रोज मिंज, रेडक्रास सोसायटी के सचिव जावेद अख्तर व स्वर संगम के निदेशक आशीष टैगोर मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय मध्य विद्यालय बाजार, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम व चंदनडीह, स्वाति मिश्रा म्यूजिक क्लासेस, डीएवी पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, लातेहार, लातेहार पब्लिक स्कूल, डीपीएस जूनियर, सरस्वती विद्या मंदिर, एनवीएस एकेडमी, विजया व ऋषि, बालक व बालिका उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय बुनियादी विद्यालय आदि ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संध्या पांच बजे से नगर भवन पहुंचने की अपील की गयी है। मौके पर विष्णुदेव प्रसाद, सिंधु कुमार, श्वाति मिश्रा, अमेरिका गुप्ता, जीत डिसूजा समेंत कई लोग मौजूद थे।

# संस्थानों में झंडोत्तोलन के लिए समय सारिणी तय: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न संस्थानो मे झंडोत्तोलन को लेकर समय सारिणी तय कर दी गयी है। इस संबंध मे कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्गत पत्र के आलोक मे प्रविपदा0 पवन कुमार महतो ने बताया कि प्रखंड कार्यालय परिसर मे 9:00 बजे पूर्वाह्न,थाना परिसर 9:15 बजे पूर्वाह्न, एवं डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय कैरो 9:30 बजे पूर्वाह्न झंडोत्तोलन किया



जायेगा। इसके साथ ही 8:30 बजे पंचायत भवन कैरो,8:45 उप स्वास्थय केंद्र कैरो मे झंडोत्तोलन की जायेगी। इसके साथ ही प्रखंड के सभी सरकारी संस्थान गैर सरकारी संस्थान, राजनीतिक दल के संस्थानो मे गणतंत्र दिवस की झंडोत्तोलन को लेकर समय सारिणी तय कर दी गयी है।

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के संदेश को घर घर पहुंचायें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग लोहरदगा के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की हिंदी साहित्य एवं अंग्रेजी साहित्य के पुस्तको में नारी पर लिखित है उन्हे पढ़ने पर नारी स्थिति की जानकारी मिलती है। समाज में शिक्षित होने के बजाय काबिल होना चाहिये। उपायुक्त ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले के बारे में



बताया कि सावित्री बाई फुले को उनके पिता ने शिक्षा नही दी, बल्कि उनके पति ज्योतिबा फूले ने दी। भीलेबाड़ा गांव में शिक्षा प्राप्त कर पहली महिला विद्यालय की स्थापना कर बालिका शिक्षा को बढ़ाने का कार्य करती थी। वह विभिन्न यातनाओ को सहकर भी बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाई। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा पाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना सबसे बड़ी आजादी है। आप बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के संदेश को घर घर पहुंचाएं।

पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने कहा कि हम एक ऐसे देश से आते हैं जहां भारत माता की जयकार होती है। नारी शक्ति को मातृ शक्ति कहा जाता है। फिर इस देश में महिलाओं के साथ भेदभाव होती आई है। पुरुष एवं महिला में समानता का दृष्टिकोण होना चाहिए भारत के संविधान में बराबरी का अधिकार है।

इस अवसर पर रंगोली का निर्माण किया गया।शिक्षा, खेल, कला संस्कृति, गायन ,नृत्य आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं सहित अन्य उपस्थित थी।

# विहिप के सदस्य करायेंगे शिव मंदिर की बाउंड्री

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय स्थित शिव मंदिर को विहिप प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू की अगुवाई में मन्दिर का निरीक्षण करते हुये बाउंड्री कराने का निर्णय लिया। इस संदर्भ में रंजीत साहू ने कहा कि मंदिर के अगल बगल खुले होने के कारण गन्दगी का अंबार लग जाता है। जिससे पुजारियों को कठिनाई होती है। इसको देखते हुए संगठन ने मंदिर के चारों ओर बाउंड्री करने का निर्णय लिया है जिससे पुजारियों को किसी प्रकार का कठिनाइयों नहीं हो सके। निरीक्षण के मौके पर जितेंद्र साहू, राजू साहू, भोला साहू, मोहन महली, अमित महतो, कृष्णा पाठक, विजय पाठक, अशोक साहू सहित विहिप के सदस्य मौजूद थे।

# गौरव रक्षा सामान समिति ने डीसी और डीडीसी को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गौरव रक्षा समाज समिति ने बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में उन्हें और डीडीसी हेमंत सती को मोमेंटो व पुस्तक भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। गौरव रक्षा सम्मान समिति के अध्यक्ष दिलीप बड़ाइक ने कहा बीते 27 दिसंबर को जारी प्रखंड में परमवीर अल्बर्ट एकका के जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। जिसको लेकर डीसी और डीडीसी को सम्मानित किया गया है। सम्मानित करने वालों में कंवर समाज के जिला अध्यक्ष जवाहर कंवर, नायक समाज के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक, गौरव रक्षा सम्मान समिति के सलाहकार व परमवीर अल्बर्ट एक्का के पुत्र भिंसेंट एकका, रौतिया समाज के जिला अध्यक्ष जागेश्वर सिंह, भाजपा नेता भूपन साहू, मांझ गांव की मुखिया ज्योति बहेर, सीसी करम टोली की मुखिया फूलमईत देवी शामिल थे।

## लोकतंत्र बछाबअना 'नम्हैं झारखंड, नम्हैं राजी' यात्रा रांची से पहुंची गुमला

# आदिवासियों को आरक्षण के नाम पर किया जा रहा है दिग्भ्रमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लिए 'लोकतंत्र बछाबअना' 'नम्हैं झारखंड, नम्हैं राजी' यात्रा रांची से लोहरदगा होते हुये गुमला पहुंची। लोकतंत्र बचओ 2024 अभियान द्वारा 23-26 जनवरी 2024 को लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में यह यात्रा की जा रही है। इसके तहत गत 23 जनवरी को भंडरा और सेन्हा प्रखंडों में जन संपर्क किया गया और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से मिला गया। गत 24 जनवरी को किसको व गुमला के घाघरा, बिशुनपुर और डुमरी में सभा किया गया। यह यात्रा 2024 लोकसभा चुनाव में झारखंड, देश, लोकतंत्र और संविधान को बचाने की जन संपर्क यात्रा है। लोकतंत्र बचाओ 2024 (आबुआ झारखंड, अबुआ राज) अभियान राज्य के विभिन्न जन संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं का सामूहिक अभियान है। अभियान अंतर्गत राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में 2024 लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष में जन जागरण कार्यक्रमों जैसे जन सभा, कार्यशाला, यात्राओं व वॉलंटियर प्रशिक्षणों आदि का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को संगठित किया जा रहा है। यात्रा के दौरान जन सभाओं और जन संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा। यात्रा में केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के विषय में चर्चा की गयी। दस सालों में आदिवासी-मूलवासियों एवं उनके जल, जंगल, जमीन और खनिज पर विशेष हमले हुये हैं। आदिवासियों को सरना-ईसाई के नाम पर आपस में लड़ाना, उनके जमीन को लूटना, आदिवासियों के स्वतंत्र अस्तित्व को खतम करना और देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने का खेल है। साथ ही, आरक्षण के नाम पर आदिवासियों दिग्भ्रमित किया जा रहा है। लोहरदगा , गुमला जैसे हमारे झारखंड के क्षेत्र खनिजों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद बड़े पैमाने पर पलायन के लिए मजबूर हैं। ऊपर से मनमाने ढंग से थोपी हुई नोटबंदी, लॉकडाउन, महंगाई, बेरोजगारी, कम मजदूरी दर, कुपोषण, कमजोर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था ने मेहनतकश जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। आलोका कुजूर, फुलजेंसिया बिलुंग, ज्योति कुजूर, मंथन, प्रवीर पीटर, रोज खाखा, टॉम कावला, सिराज दत्ता, सिलास बारा, सरिता एक्का, शनियारो देवी, योगेंद्र भगत आदि शामिल है।

## नक्सलियों के गढ़ बनालात में खुलेगा पुस्तकालय



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कसमार क्षेत्र अंतर्गत बनालात जो कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में जाना जाता था। वहां अब प्रशासन के मदद से पुस्तकालय खुलेगा। इस निमित्त बुधवार को अपपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में बनालात स्थित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के प्रांगण में ग्रामीणों के साथ में एक बैठक आयोजित किया गया। जहां पर अपपरसमाहर्ता सुधीर गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बनालात क्षेत्र के ग्रामीण काफी दिनों से यहां पुस्तकालय खोलने की बात कर रहे थे। जिसको देखते हुए यहां पुस्तकालय खोलने पर सहमति बना है। उन्होंने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है कि नक्सल से प्रभावित बनालात गांव में पुस्तकालय खुलेगा और इस क्षेत्र के बच्चे पढ़ कर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि एक बार प्रशासन एवं आपसी सहयोग के साथ पुस्तकालय खोल दिया जाएगा। परंतु उसे संचालन करने की जिम्मेदारी स्थानीय लोगों की होगी। जब तक गांव के लोग जागरुक होकर सही ढंग से पुस्तकालय का संचालन नहीं करेंगे तब तक पुस्तकालय खोलने से कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गांव के लोग जिस प्रकार मंदिर मस्जिद एवं अन्य सामाजिक व धार्मिक कार्यों में आर्थिक सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं उसी प्रकार इस पुस्तकालय को भी एक मंदिर समझकर सभी लोगों को आर्थिक सहयोग करके इसको चलाना है। श्री गुप्ता ने कहा कि ज्ञान दान से बढ़कर दुनिया में कोई भी दूसरा पुण्य का काम नहीं है आपके द्वारा दिए गए दान से अगर इस क्षेत्र का कोई भी बच्चा पढ़कर आगे बढ़ जाता है तो इस पुस्तकालय खोलने का सार्थक लाभ होगा। इस मौके पर बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बड़ाइक स्थानीय शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बरगांव दक्षिणी पंचायत की मुखिया शोभा देवी ने बुधवार को सोंगरा गांव के मंडप चबुतरा में 25 असहाय , विधवा व वृद्धों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि बदलती मौसम और कड़ाके की ठंड को देखते हुए पंचायत के अत्यंत जरूरतमंद असहाय वृद्ध व विधवाओं को चिन्हित कर ठंड से निजात के लिए कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया के अलावा उप मुखिया दिपिका देवी, वार्ड सदस्य सुमरिता देवी,श्याम सुंदर महतो, सुखलाल राय, मनोज राय, प्रदीप राय, लाभार्थी देवराम राय, असमिया देवी, चन्द्रदेव उरांव, लगनी देवी, लैटू उरांव, झुन्नी देवी सहित कई लाभुक व ग्रामीण उपस्थित थे।

# पलायन रोकने के लिए संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम का उदघाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** झारखण्ड के राज्य सभा सांसद श्री समीर उरांव ने मंगलवार को बिशुनपुर हाई स्कूल मैदान में जनजातीय क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम का उदघाटन राज्यसभा सांसद समीर उरांव, आईएसडीजी के निर्देशक कैप्टन कुमार देवाशीष, जिला परिषद सदस्य पवन उरांव, बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बडाईक, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, समाजसेवी विनोद गुप्ता, संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम को वित्तीय सहयोग आयल एंड नेचुरल कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने दिया है ?और क्रियान्वयन आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन कर रहा है। योजना के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आजीविका गतिविधियां, उद्यमिता विकास एवं क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, जिस से ग्रामीण अपने गांव में रह कर आत्मनिर्भर बन सके और पलायन की चुनौती से बच सकें।

योजना के अंतर्गत प्रखंड के बिशुनपुर, चिंगरी, चिपरी, सेरका और रांगे गांवों में जल संसाधन प्रबंधन, टपक सिंचाई, मिटटी जांच, पशुपालन, मिश्रित कृषि, श्रीअन्न, पोषण वाटिका विकास, जैविक खेती प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन इत्यादि गतिविधियां की जाएंगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद समीर ने कहा कि केंद्र की सरकार जनजातियों के सामाजिक आर्थिक स्थिति को ले कर गंभीर है और उनके विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ग्रामीणों के साथ संवाद में अतिथियों ने पलायन की समस्या पर चर्चा की और उसे दूर करने के लिए उनके विचार सुने। परियोजना के अंतर्गत पांच गांवों से लगभग 300 किसानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका में आशीष बर्मन, अजीत उरांव, आकांक्षा ओझा, नीरज गोप, सहदेव साहू रहे।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसिया सिमडेगा रोड स्थित कोलेबिरा नदी के समीप एक अज्ञात ट्रेलर के टक्कर से लंगटू बसिया निवासी 40 वर्षीय वीरेंद्र बड़ाइक और 18 वर्षीय कल्याण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। तत्काल स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को कोलेबिरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों को बेहतर इलाज हेतु गुमला लाया गया जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक से कोलेबिरा किसी काम से गए थे वहीं वापस अपने घर जा रहे थे। तभी कोलेबिरा नदी के समीप पीछे से एक अज्ञात ट्रेलर दोनों को जोरदार टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में वीरेंद्र के पैर में चोट लगी। वहीं बाइक के पीछे बैठे कल्याण सिंह को सर आंख वह पैर में काफी चोट लगी है। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# टाना भगत इंटर कॉलेज में सीएससी सेंटर शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा टाना भगत इंटर महाविद्यालय में सीएससी सेंटर का शुभारंभ बुधवार को किया गया जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सविता देवी, उप प्रमुख शिव देवी, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सीएससी सेंटर खुलने से कॉलेज के बच्चों को काफी लाभ मिलेगा कई तरह के फॉर्म एग्जाम से संबंधित फार्म वह अन्य चीजों के लिए सीएससी सेंटर का समुचित उपयोग बच्चे उठा पाएंगे। पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने कहा कि कॉलेज में सीएससी सेंटर खुलने से बच्चों में को कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे। मौके पर उपस्थित लोगों में टाना भगत इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य अरशद मोमिन, विपिन बिहारी सिंह, पप्पू गुप्ता, आशीष सोनी, श्याम किशोर पाठक, कृष्णा कुमार लोहरा, वार्ड सदस्य प्रीति कुमारी, आकाश जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक गुमला में 28 को

गुमला। हड्डी, रीढ़ की हड्डी, व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार,₹ न्यूरो सर्जन₹ रविवार यानी 28 जनवरी को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर खिचड़ी का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** राष्ट्रीय नाई महासभा गुमला के तत्वाधान में कपूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती के अवसर पर सदर अस्पताल गुमला में इलाजरत मरीजों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर गुमला जिला अध्यक्ष दीपू कुमार ठाकुर ने बताया आज कपूरी ठाकुर जी की 100 वीं जयंती है। इसके अलावा उन्हें भारत रत्न जैसे सर्वोच्च पुरस्कार से नवाजा जाएगा। जिसको लेकर नई समाज काफी उत्साहित है। कार्यक्रम में गुमला जिला अध्यक्ष दीपू कुमार ठाकुर, सचिव मनोज ठाकुर, सहसचिव राजू ठाकुर, उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजू लाल ठाकुर, दीपक कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष मोहन ठाकुर, पूर्व सचिव ओम प्रकाश ठाकुर, राज आर्यन टुक टुक शामिल थे।

## ऑटो की छत से गिरने से किशोर घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र के बोग बोरा के समीप चलती ऑटो से गिरकर कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के उरू निवासी जगदीश सिंह का 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसका एक कान कट गया और उसके चेहरे में काफी चोट लगी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अभिषेक साप्ताहिक बाजार गुमला आया था वही शाम को ऑटो से अपने घर लौट रहा था। ऑटो में खचाखच भीड़ थी और वह गांव जाने वाला अंतिम ऑटो था जिसके कारण तीन लोग ऑटो के ऊपर चढ़कर बैठ गये। रास्ते में बोग बोरा के समीप अभिषेक चलती ऑटो से एक बाइक ऊपर गिर गया। इसके बाद ऑटो का पिछला चक्का से उसका कान कट गया और चेहरे में चोट लगी। रात्रि 9:00 बजे उसे सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया।

# राष्ट्रीय बेटी दिवस पर डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर गुमला सदर अस्पताल से उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि 24 से 26 जनवरी तक यह रथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण करेगा। जिसमें बेटी बचाओ को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।वही बताया गया कि अस्पताल स्थित अल्ट्रा साउंड यूनिट में तीन दिनों तक महिलाओं का निशुल्क जांच किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने नवजात बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर, प्रबंधक राजीव कुमार, प्रधान लिपिक सुकरा उरांव सहित सदर अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# आठ झारखंड आंदोलनकारियों को किया जायेगा सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सिसई प्रखण्ड के आठ झारखण्ड आंदोलनकारियों को जिला प्रशासन के द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित किए जाने वालों में नगर मेरेंगविरा के बाबूलाल सिंह पिता देव सिंह,पुसो एकाम्बा के माईकल टोप्पो पिता सिलबानुस टोप्पो, कुलेंकेरी पतरा टोली के जगदेव उरांव पिता स्व सुकरा उरांव, मकुन्दा के आनन्द टोप्पो पिता स्व धर्मदास टोप्पो, छारदा के चन्द्रकिशोर उरांव पिता बुधवा उरांव,पोढ़ा गांव के सीमा देवी पिता स्व लालदेव साहु, डाड़हा गांव के सुनील कुमार भगत पिता स्व झल्लू भगत एवम कुलकुपी गांव के सुरेश भगत पिता स्व बिरिया भगत शामिल है। प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा गुमला के पत्रांक 50/सा0,19 जनवरी 2024 के आलोक में सिसई अंचल कार्यालय के ज्ञापक 84, 20 जनवरी 2024 के द्वारा पत्र देकर सभी आंदोलनकारियों को 26 जनवरी को पूर्वाहन 8 बजे परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम पहुंचने का आग्रह किया है।

गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन के द्वारा समानित किये जाने की पहल का सुनील कुमार भगत,बाबूलाल सिंह सहित सभी आंदोलनकारियों ने स्वागत किया है।

## वन अधिकार कानून को लेकर आयोजित की गयी कार्यशाला

# झारफ्रा मोबाइल एप का दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के सदर अनुमंडल सभागार में वन अधिकार कानून 2006 और झार फ्रा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत बसिया के कुरडेगा गांव का एक वीडियो दिखा कर की गयी। जिसमे अबुवा बीर दिशोम अभियान के बारे मे बताया गया। इस प्रशिक्षण में सभी लोगों को वन अधिकार कानून के बारे में जानकारी दिया गया कि कानून कब बना और यह कानून का इतिहास एवम कानून के तहत मिलने वाले अधिकारों व्यक्तिगत, सामुदायिक एवं वन संसाधन के महत्व एवम मांग को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण के जरिए वन संरक्षण एवं आजीविका संबर्धन के ऊपर बिस्तरित रूप से चर्चा किया गया। इसके साथ वन अधिकार कानून की पूरी प्रक्रिया बताई गई और इसके साथ झार फ्रा मोबाइल एप का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके द्वारा पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन किया जा सके । इस पूरी प्रशिक्षण में घाघरा, गुमला, भरनो प्रखंड से बीर बंधु उपस्थित थे।

इस बैठक में प्रखंड के राजस्व कर्मचारी , बीर बंधु ,वन अधिकार समिति के अध्यक्ष और सचिव, प्रदान संस्था के प्रतिनिधि अम्मू , मिधुन एवम अन्य ,ग्राम उत्थान के प्रतिनिधि, आइएसबी के प्रतिनिधि, गुमला जिला के टीआरआइएफ फेलो उपस्थित थे।

## झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति की बैठक 27 को

**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति बसिया अंचल प्रखण्ड की आवश्यक बैठक 27 जनवरी दिन शनिवार समय 10 बजे विवाह मण्डप कोनबीर बाजार दाड़ के पास रखी गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखण्ड अनुशंसा समिति के अध्यक्ष शशिकांत बड़ाईक ने कहा है की प्रखंड समिति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। नयी समिति के गठन हेतु विशेष चर्चा समिति के सदस्यों से किया जाना है। जिसमे संगठन के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

# एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** जट्या स्कूल जटया में अंतर विद्यालय स्तरीय चल रहे एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार को जट्या खेल मैदान प्रांगण में किया गया। समापन खेलकूद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार भगत शामिल हुए ।इस क्रम में कई विद्यालयों के बीच कई खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप सहित अन्य कई खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार भगत ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। बच्चे खेल के क्षेत्र में भी बेहतर करके अपना भविष्य बना सकते हैं। कई खिलाड़ियों ने खेल के माध्यम से आईपीएस आईएएस तक का सपना को साकार किया है। आप सभी बच्चे बेहतर कर अपने समाज विद्यालय राज्य व देश का नाम रोशन करें। इस मौके पर उपस्थित लोगों में मोतीलाल साहू, अजय कुमार, मुकेश मनी पाठक, जुगल किशोर पांडे, अजय मिश्रा, रूपेश साहू, करमचंद साहू, प्रदीप महतो, रोहित गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सांसद और विधायक ने किया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सहित कई योजनाओं का शिलान्यास

# केंद्र संचालित सभी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता : सांसद

## क्षेत्र का समुचित विकास की हमारा लक्ष्य : विधायक पुष्पा देवी

**13 करोड़ 41 लाख 41 हजार रुपए की लागत से होगा योजनाओं का निर्माण कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत तीन सड़कों छतरपुर प्रखंड में मसिहानी से बगैया तक 5.515 किलोमीटर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड में दो सड़कों, बारा मोड़ से महुअरी वाया लक्ष्मीपुर तक 7.501 किलोमीटर, शाहपुर से लकडाही तक 5.91 किलोमीटर के कुल लागत 13 करोड़ 41 लाख 41 हजार रुपए निर्माण कार्य का शिलान्यास पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं विधायक पुष्पा देवी के साथ संयुक्त रूप से शिलान्यास किया गया। इसके बाद नौडीहा बाजार प्रखंड के ग्राम शाहपुर में आयोजित



विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सांसद वीडी राम व विधायक।

जनसभा को संबोधित भी किया। सांसद ने कहा कि केंद्रीय अवसंरचना निधि हरिहरगंज के कटैया मोड़ से बेलाघाट तक 11 किलोमीटर, नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह डगरा होते हुए बिहार सिवाना नवीगढ़ तक 10 किलोमीटर,छतरपुर प्रखंड के डुडुर हेसाग होते हुए छुछुईया तक 5 किलोमीटर, छतरपुर प्रखंड के कुरकुट्टा मोड़ कव्वल होते हुए बाघमारा तक 7 किलोमीटर, पाटन प्रखंड के तीसीबार से बुढ़ी-बुका-चेतमा-सरईडीह दो प्रखण्डों को जोड़ने वाली पाटन एवं नौडीहा बाजार तक 25 किलोमीटर, छतरपुर प्रखंड पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ कुटियामोड़ से पाटन तक 18 किलोमीटर तक सड़कों की स्वीकृति जल्द प्रदान होने वाली है। सांसद ने कहा कि सड़क, सिचाई समेत केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है। वहीं, विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र की सभी सड़को को दुरुस्त किया जाएगा। कहा कि एक-एक समस्या का समाधान कर क्षेत्र को सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में अधिकतर कार्य किये जा चुके हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, प्रफुल्ल सिंह, वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, एनसीपी के रोनक सिंह, योगेंद्र सिंह, विनय पासवान, जिला मंत्री संतोष सिंह, नौडीहा बाजार मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक, छतरपुर मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, लठेया मंडल अध्यक्ष प्रयाग विश्वकर्मा, हरेंद्र सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दूबे, सांसद प्रतिनिधि अमरेश श्रीवास्तव, शेखर गुप्ता, भगवान दास, राम प्रसाद शर्मा, बैजनाथ सिंह, अशोक सोनी, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, रंजीत पासवान, उमेश चंद्र शिव, एनसीपी के युवा अनुमंडलीय अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह उर्फ हरि आदि मौजूद थे।

# सुरक्षा प्रदान करने के नाम पर जिला प्रशासन है असहाय : अरुणा शंकर

## बागेश्वर धाम सरकार की कथा को अनुमति देने को लेकर हाइकोर्ट में फैसला 29 तक सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड उच्च न्यायालय में बुधवार को धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के पलामू जिले में आयोजित कार्यक्रम की अनुमति से संबंधित याचिका पर आयोजन समिति की संयोजिका सह मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखते हुए सुरक्षा और सुविधाओं के साथ अनुमति देने का आग्रह किया। जिला प्रशासन से सकारात्मक सहयोग की बातें दोहराई। विदित हो कि पिछले कई सप्ताह से पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के कार्यक्रम से संबंधित अनुमति की याचिका उच्च न्यायालय में बहस के पटल पर है और पलामू समेत पूरे राज्य की नजर कोर्ट के फैसले पर टिकी हुई है। बुधवार को उसी के निमित्त



उच्च न्यायालय ने सभी पहलुओं पर विचार विमर्श करते हुए आगामी 29 जनवरी को फैसले से संबंधित अपना निर्णय सुरक्षित रखा है। वहीं, इस दिन के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आयोजन समिति की संयोजिका सह मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुण शंकर ने पुनः उच्च न्यायालय पर भरोसा जताते हुए जिला प्रशासन से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताते हुए प्रशासन की ओर से दिए गए हलफनामे पर चिंता प्रकट की है। जिसमें कहा गया है कि पलामू जिला प्रशासन के पास सुरक्षा के नाम पर मात्र 700 पुलिसकर्मी प्रतिनियुक्ति है, जबकि इतने बड़े कार्यक्रम के आयोजन के लिए करीब सात हजार पुलिसकर्मियों की आवश्यकता है। अतः ऐसे में पलामू जिला प्रशासन द्वारा उक्त कार्यक्रम की अनुमति देना संभव नहीं है। आयोजन समिति की संयोजिका अरुणा शंकर ने प्रशासन द्वारा दिए गए हलफनामे पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि धर्म के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में भी प्रशासन असहाय दिख रहा है जो जिला प्रशासन के साथ राज्य सरकार के लिए भी हास्यास्पद है।

# जन नायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर पीएम ने शोषित, पिछड़े वर्ग को किया सम्मानित: विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। पांकी मुख्यालय स्थित कर्पूरी चौक पर बुधवार को कर्पूरी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में शामिल पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें भारत रत्न सम्मान देकर समाज के शोषित,पीड़ित व पिछड़े वर्गों को सम्मानित किया है। अंग्रेजी की अनिर्वायता को समाप्त कर बिहार में लोगों को मैट्रिक शिक्षा की साक्षरता दर को बढ़ाया। कर्पूरी ठाकुर ने समाज को आगे बढ़ाने का कई कार्य किया है। हमें उनके जीवन के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। वहीं, भाजपा नेता लाल सूरज ने कहा कि भारत सरकार ने 100वीं जयंती पर एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान मिला है। देश में जब सामंती व्यवस्था थी। तब उन्होंने इसके विरुद्ध संघर्ष शुरू किया। हमें कर्पूरी ठाकुर के आदर्श को अपनाने की जरूरत है।

राष्ट्रीय नाई महासभा के जिलाध्यक्ष सह पांकी विधायक के निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर ने कहा जननायक के शताब्दी जन्मजयंती के अवसर पर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि मिली। यह समाज के लिए हर्ष की बात है। झारखंड में नाई जाति को सीएनटी एक्ट के अधीन किया गया है। हमें सीएनटी के तहत मिलने वाली सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। वहीं, अमित तिवारी ने कहा कि भगवान को भी हम ठाकुर जी से संबोधित करते हैं। प्राचीन काल में ये ही ठाकुर समाज के पूर्वज शल्य चिकित्सक रहे थे। आज जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री ने भारत रत्न सम्मान से सुशोभित किया है।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, श्यामनंदन ओझा, जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, मंजूलता दूबे, रीमा शर्मा, विजय ठाकुर, रंजय ठाकुर, मनोज सिन्हा, यशवंत मेहता, दिलीप ठाकुर, सुनील प्रसाद गुप्ता, विनोद ठाकुर, संजय ठाकुर, पंकज ठाकुर, लवकुश ठाकुर और ज्ञानी सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में युवक को घर में घुसकर मारी गोली, हालत गंभीर

**पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियार सहित एक आरोपी को दबोचा, दूसरा हुआ फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के वार्ड-2 अमनचैन मोहल्ला में घर में घुसकर एक युवक को गोली मार दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान गौतम सिंह के रूप में हुई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से गौतम को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल एक आरोपित को दबोच लिया। उसके पास से हथियार भी बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक दो युवक



हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अमनचैन मोहल्ला निवासी गौतम सिंह नामक युवक के घर में घुसकर ग्उसे गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों फिल्मी अंदाज में छत से कूद कर भाग गए। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही पुलिस भी सक्रिय हो गई और तत्काल कार्रवाई करते हुए आधे घंटे के अंदर एक हमलावर को पकड़ लिया। उसके पास से हथियार भी बरामद कर लिया, जिससे गोली चलाई गई थी। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि फरार दूसरे आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। घटना के पीछे आपसी विवाद बताया जा रहा है। हालांकि स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है। उधर, गोली लगने से गौतम सिंह के घायल होने की जानकारी मिलने पर कर्नल संजय सिंह अस्पताल पहुंचकर उसके परिजनों से मिले और ढाढ़स बंधाया। साथ ही पुलिस से अविलंब फरार आरोपित को भी गिरफ्तार करने की मांग की है।

## हैदरनगर ने बिहार के बेला की टीम को 3-2 से हराया

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर के सजवन खेल मैदान में युवा फुटबॉल कमेटी के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित हुआ। जिसकी शुरूआती मैच बिहार के बेला व झारखंड के हैदरनगर के बीच खेला गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में हुसैनाबाद हरिहरगंज के युवा राज्य और देश स्तर पर प्रतिभा दिखाएं। इसके लिए विभिन्न गांव में टीम सूर्या का गठन किया गया है। लगातार क्रिकेट व



फुटबॉल टूर्नामेंट कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। वहीं, जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। शुरूआती मैच में हैदरनगर की टीम ने बिहार के बेला की टीम को 3-2 से पराजित कर दिया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, युवा फुटबॉल कमेटी के अध्यक्ष रंजित वर्मा, सचिव दिलीप मेहता, कोषाध्यक्ष डब्ल्यू कुमार, प्रशांत कुमार, आयोजक पंसस मनीष मेहता आदि मौजूद थे।

# खोने के लिए आपके पास कुछ नहीं पाने के लिए पूरा संसार है: उपायुक्त

**टाउन हॉल में शिक्षा से शक्ति, पलामू में प्रगति कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो। उन्हें आईआईटी, मेडिकल, इंजीनियरिंग आदि विषयों की तैयारी में कोई परेशानी न हो इस उद्देश्य से डीसी शशि रंजन के निर्देश पर स्थानीय टाउन हॉल में शिक्षा से शक्ति, पलामू में प्रगति विषय पर बुधवार को कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन डीसी, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, हुसैनाबाद एसडीएम आशीष गंगवार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में भारत भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले में आए अन्य प्रशिक्षु आईएएस अभिनव सिवाच, अनुनय आनंद, बोलिपल्ली विणुतना, एस मोहन प्रिय, अंजलि शर्मा, अवुल साईंकृष्णा, अंबिका जैन, सुवंगी खूंतिया, शुभम नोखवाल ने शिरकत किया और कस्तूरबा गांधी आवसीय बालिका विद्यालय एवं जिले के




विभिन्न स्कूलों से आये सैकड़ो छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके सवालों का जवाब दिया। उन्हें बेहतर तरीके से परीक्षाओं की तैयारी करने के गुर दिए। डीसी कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आइआइटी, मेडिकल एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई के लिए अग्रसर किया जाय। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस मुहिम के माध्यम से छात्राओं को अन्य आइआइटी प्रोफेसर व जानकारों से समय-समय पर इस तरह के कार्यशाला के जरिये जोड़ा जाय। इससे उन्हें शिक्षण प्रक्रिया के साथ ही मेडिकल, आइआइटी की परीक्षाओं की तैयारियों में भी पूरा सहयोग किया जाएगा।

### डीसी ने छात्र-छात्राओं से किया सीधा संवाद

इस दौरान डीसी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं सीधा संवाद कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। वहीं, छात्राओं ने भी उपायुक्त से कुछ प्रश्न किये, जिसपर उन्होंने उन्हें प्रभावशाली रूप से पढ़ाई में रोचकता बढ़ाने की बात कही। कहा कि पहले चीजों को जानो, समझो, तब मेहनत करो तभी सपने पूरे होंगे। आपके पास खोने के लिए कुछ नहीं है लेकिन पाने के लिए सारा संसार है। इसलिए अपने अंदर से हताशा, निराशा को निकाल फेंको और पूरी लगन के साथ तैयारी करो।

# सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी ठाकुर ने जो प्रयास किया उससे लोगों के जीवन में आया बड़ा बदलाव : ब्रह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल की ओर से बुधवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पिछड़ा वर्ग के जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के जन्म तिथि पर नावाबाजार प्रखंड के रबदा गांव में माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आज कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती है। सामाजिक न्याय के लिए उन्होंने जो प्रयास किया उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। पिछड़े वर्ग से



ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी ठाकुर का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। संयोजक मंडल युगल पाल ने कहा गया कि वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया उनमें किसी के प्रति रति भर भी कड़वाहट नहीं थी। यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है। इस मौके पर प्रमोद यादव, पंकज कुमार, दीनानाथ चंद्रवंशी, अशोक कुमार यादव, आजाद कुमार, विकास कुमार, अजय चंद्रवंशी, अमित कुमार, अमरेंद्र पाल, लालदेव बैठा, अनुज पाल, अमरेश प्रजापति, बलदेव भुंईया, जीतू प्रजापति, सुनील कुमार पाल, गिरवर बैठा, विजय चंद्रवंशी, रामजय कुमार, नंदू चंद्रवंशी, शिव प्रजापति, विकास यादव, सुरेश प्रजापति, राम गोविंद यादव, अवधेश कुमार मेहता, रामचंद्र प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## उपभोक्ता जागरूकता संरक्षण को लेकर ट्राई ने आयोजित की कार्यशाला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ट्राई का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ता जागरूकता पैदा करना है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए ट्राई उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम (सीओपी), उपभोक्ता संगठनों की क्षमता निर्माण पर कार्यशालाएं और उपभोक्ता हितों और सुरक्षा के मुद्दों पर सेमिनार आदि आयोजित करता है। इस श्रृंखला में ट्राई (क्षेत्रीय कार्यालय-कोलकाता) ने बुधवार को होटल ब्लू बड्र्स, टीवी टॉवर के पास बैरिया मेदिनीनगर में एक सीओपी का आयोजन किया। जिसमें जनता के अलावा दूरसंचार सेवा प्रदाता भी भाग लेंगे। इसके अलावा, भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने नागरिकों के लाभ के लिए अन्य सरकारी पहलों जैसे 4जी संतृप्ति परियोजना, भारतनेट परियोजना,संचार साथी आदि के बारे में बात की। डॉ संजीव श्रीवास्तव, प्राचार्य-डीएवी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान, एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभागियों को मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) और आदेशों के प्रावधानों के बारे में शिक्षित किया गया। प्रोफेसर डॉ रूप कमल ने साइबर अपराध/धोखाधड़ी के विषय, विभिन्न रूपों और अपनी सुरक्षा के लिए अपनाए जाने वाले एहतियाती उपायों के बारे में बताया।

## स्पोर्ट्स




भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने जा रहा है। इससे एक दिन पहले यानी बुधवार को इंग्लैंड ने प्लेइंग-11 का ऐलान किया है। इसमें इंग्लैंड ने अपने अनुभवी पेसर जेम्स एंडरसन को मौका नहीं दिया है।

### इंग्लैंड ने मैच से एक दिन पहले जारी की प्लेइंग-11, तीन स्पेशलिस्ट स्पिनर को मौका

# इंडिया-इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच आज, नहीं खेलेंगे जेम्स एंडरसन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले के लिए इंग्लैंड ने एक दिन पहले ही प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है। पहला टेस्ट गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होगा। प्लेइंग-11 में तीन स्पेशलिस्ट स्पिनर्स रेहान अहमद, टॉम हार्टले, जैक लीच और एक पेसर मार्क वुड को शामिल किया है। जो रूट भी पार्ट टाइम ऑफ स्पिन कर सकते हैं। अनुभवी पेसर जेम्स एंडरसन को मौका नहीं मिला है। वहीं, लंकाशायर के टॉम हार्टले अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे। बाएं हाथ के स्पिनर हार्टले ने 20



फर्स्ट क्लास मैचों में 36.57 के औसत से 40 विकेट लिए हैं। पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, रेहान अहमद, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, जैक लीच और मार्क वुड।

### 690 विकेट ले चुके एंडरसन बाहर

टीम के अनुभवी पेसर जेम्स एंडरसन को टीम में मौका नहीं मिला है। इंग्लिश स्क्वॉड के सबसे अनुभवी गेंदबाज 41 साल के जेम्स एंडरसन 700 टेस्ट विकेट से महज 10 विकेट दूर हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 690 विकेट लेने वाले पेसर हैं। एंडरसन नई गेंद से स्विंग कराने के साथ पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग भी कराने में माहिर हैं। एंडरसन भारत के खिलाफ 150 टेस्ट विकेट लेने से भी महज 11 विकेट ही दूर हैं। उन्होंने पिछले दौरे पर पहले टेस्ट में 5 विकेट लेकर भारत के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। एंडरसन के नाम एशिया में 82 विकेट हैं। वह यहां टीम के सबसे सफल बॉलर भी हैं। पिछले 2 साल में उन्होंने 15 ही टेस्ट में 51 विकेट झटके हैं।

### मार्च तक भारत में रहेगी इंग्लैंड टीम

इंग्लैंड मेंस क्रिकेट टीम मार्च तक भारत में रहेगी। टीम को धर्मशाला में 7 से 11 मार्च तक सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट खेलना है। गुरुवार को पहले टेस्ट के बाद 2 से 6 फरवरी तक दूसरा टेस्ट, 15 से 19 फरवरी तक तीसरा टेस्ट, 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट और 7 से 11 मार्च तक पांचवां टेस्ट मैच खेला जाएगा।

आजाद सिपाही

रांची, गुरुवार, 25 जनवरी, 2024

www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण न्यूज

## झरिया विधायक ने कैंसर पीड़ित दिव्यांग ऑटो चालक को दिया एक लाख का चेक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सरायढेला स्थित रघुकुल आवास पर असाध्य रोग (मुंह के कैंसर) से पीड़ित दिव्यांग ऑटो चालक लिलोरी पथरा निवासी गौतम कुमार को मुख्यमंत्री के विवेकानुदान निधि से प्राप्त एक लाख रुपये का चेक सौंपा। पीड़ित उक्त पैसों से वेल्लोर के सीएमसी में इलाज कराएगा। इस दौरान पीड़ित मरीज के साथ उनकी पत्नी भी मौके पर मौजूद थी। गौरतलब हो कि दिव्यांग ऑटो चालक गौतम कुमार आर्थिक रूप से इलाज में असमर्थ होने के कारण गत महीने अपने इलाज में सहायता के लिए विधायक से आग्रह किया था। जिसके बाद विधायक जी ने मरीज को उपचार के लिए चेक देते हुए मरीज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह आदि थे।

## टिकट जांच अभियान में पकड़ाये 1341 लोग वसूली गयी 5.89 लाख की जुर्माना राशि

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंडल की ओर से विभिन्न खंडों में बड़े स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 1341 यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे पांच लाख 89 हजार 615 रुपए जुर्माना राशि वसूली गई। साथ ही कड़ी हिदायत दी गई। वहीं, जांच अभियान में 152 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था, जिन्होंने स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी जांच किया। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। अधिकारी ने बताया कि इस तरह का टिकट जांच अभियान धनबाद मंडल की ओर से आगे भी लगातार चलाया जाता रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें।

## धनबाद नगर महिला कांग्रेस के मिलन समारोह में कई महिलाओं ने थामा हाथ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नगर महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता धनबाद नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पूनम देवी ने की। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सीता राणा, महासचिव सह जिला कार्यालय प्रभारी पप्पू कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे। इस मौके पर पार्टी की नगर महिल अध्यक्ष पूनम देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। जिनका कांग्रेस का पट्टा देकर एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। पूनम देवी ने कहा कि कांग्रेस संगठन को धनबाद नगर के सभी वार्डों में मजबूत, सशक्त और धारदार बनाने के लिए धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमेटी दृढ़ संकल्पित है। बताया कि सशक्तिकरण अभियान चलाकर संगठन में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस अग्रणी भूमिका निभायेगी। कहा कि पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास जगा है। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर लोग जुड़ रहे हैं और आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता केंद्र की मोदी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। इस मौके पर गुड़िया देवी, रूबी खातून, हेमंती जायसवाल, निवा, नूतन विश्वकर्मा, गीता सिंह, प्रतिभा पांडे, सुनीता निषाद, मुस्कान सिंह, देवंती देवी, मुस्कान खातून, गुड़िया देवी, शोभा देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, संध्या देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, धारी देवी, चंपा देवी, कुंती देवी, अस्थमा कुमारी, आशा देवी आदि उपस्थित थी।

## चंदनकियारी को भ्रष्टाचार ने जर्जर कर दिया है, इससे आजसू दिलायेगी निजात : उमाकांत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू पुंडरू पंचायत की बैठक बुधवार को हुई। जिसमें शामिल पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी को भ्रष्टाचार ने जर्जर कर दिया है। अधिकारी पसंदीदा व्यक्ति को काम दे रहे हैं। सरकारी सेवा बिना चढ़ावा का हो नहीं रहा है। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। आम जन को इससे बचाने के लिए जनता शासन कायम करेंगे। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी में योजनाएं उतनी नहीं आई हैं जितनी 10 साल में आनी चाहिए। लेकिन जो कुछ आईं हैं वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। आमजन को ये सभी दिखाई दे रहा है, जिसका जवाब वे मतदान के जरिए देने का मन बना चुके हैं। कहा कि आजसू की चिंता में आमजनों का सुख शांति समृद्धि है। इसलिए चंदनकियारी में हो रहे गोरख धंधा पर नकेल कसने के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। पार्टी उनके साथ स्तंभ की तरह खड़ी रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिशु पाल सिंह ने किया। मौके पर भोलानाथ गोप, शत्रुघ्न महतो, रमा देवी, असीत मिस्त्री, युधिष्ठिर सिह चौधरी, विवेक सिह चौधरी, प्रयाग गोस्वामी, विक्रम माहथा, लाल मोहन महतो सुखदेव महतो और प्रेम प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद जरूरी : डॉ एसके सिंह

**बेरमो (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर कृष्णा सुदर्शन सेंट्रल स्कूल प्रांगण में तायक्वोंडो प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। 20 जनवरी को कृष्णा सुदर्शन सेंट्रल स्कूल के नौ विद्यार्थियों ने तायक्वोंडो प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर एसके सिंह ने सभी को पुरस्कृत किया। कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद भी जरूरी है।

### टुंडी के कदैंया और छाताबाद की घटनाओं पर दी कड़ी चेतावनी

# शांति भंग करनेवाले लोगों पर होगी कठोर कार्रवाई : डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**टुंडी।** डीएसपी राजेश कुमार ने बुधवार को टुंडी थाना में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि दक्षिणी टुंडी के कदैंया एवं छाताबाद की घटनाओं में शांति भंग करने वालों के साथ पुलिस कठोरता से निपटेगी। बतातें चलें कि टुंडी के कदैंया गांव में कुछ दिन पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगड़ने की कोशिश की गई थी।



पत्रकारों से वार्ता करते डीएसपी।

ठीक दूसरे दिन इस गांव के बगल छाताबाद में दोबारा शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में खलल डालने की कोशिश की गई। उसी घटना के मद्देनजर डीएसपी राजेश कुमार ने टुंडी थाना में प्रेस वार्ता की। उन्होंने दोनों गांवों में शांति भंग करने वाले सभी असामाजिक तत्वों को चेतावनी लहजे में कहा कि कानून को अपने हाथों में लेने वालों से पुलिस कठोरता से निपटेगी। इस मौके पर टुंडी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल कुजूर आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय मंत्री और विधायक ने किया झारखंड धाम हाल्ट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंडल में झारखंड धाम हाल्ट का उद्घाटन व उक्त स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का बुधवार को शुभारंभ हुआ। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक केदार हाजरा ने संयुक्त रूप से झारखंड धाम हाल्ट का उद्घाटन और झारखंड धाम हाल्ट पर गाड़ी संख्या 03605 महेशमुंडा-कोडरमा पैसेंजर स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर ठहराव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस ट्रेन के साथ ही ट्रेन संख्या 03606 कोडरमा-महेशमुंडा पैसेंजर स्पेशल एवं ट्रेन संख्या 03369/03370 मधुपुर-कोडरमा-मधुपुर पैसेंजर स्पेशल का भी ठहराव दिया गया है।




# जश्रसं के वनभोज में शामिल हुई रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) की ओर से अमर सिंह के नेतृत्व में शिमला बहाल स्थित उनके आवास पर आयोजित वन भोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जश्रसं की महामंत्री रागिनी सिंह भी शामिल हुईं। पदाधिकारियों ने रागिनी सिंह का जोरदार स्वागत किया। वहीं, रागिनी सिंह ने भी सभी का आभार प्रकट करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रेम गोप, छोटू चौहान, विजय चंद्रवंशी, शंकर कुमार, सुप्रीय रंजन, मोहम्मद अजहर, मनोज राम, राणा सिंह, मंटू सिंह, विनोद सिंह आदि मौजूद थे।



# धर्माबांध ओपी क्षेत्र में व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला

**महुदा (आजाद सिपाही)।** धर्माबांध ओपी क्षेत्र अंतर्गत बिलबेरा निवासी मुसीब अख्तर खान (45) को बिलबेरा निवासी नदीम खान, करीम खान (उर्फ आसिफ खान) पर रॉड व धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसने थाना जाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। उसकी स्थिति को देखते हुए धर्माबांध ओपी पुलिस ने अस्पताल भेज दिया। जहां स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए डॉक्टरों ने धनबाद सेंट्रल अस्पताल रेफर कर दिया हैं। बतातें चलें कि मंगलवार को पीड़ित बिलबेरा स्थित अपने आवास गया था। वहीं नदीम खान उनके घर की दीवार और छत को मजदूरों के सहयोग से तोड़ रहा था। इसका विरोध करने पर नदीम खान व उसके छोटे भाई करीम खान ने कथित रूप से पीड़ित पर रॉड व हथियार लेकर हमला कर दिया।

### विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

# 5 और 26 फरवरी को बोकारो विस क्षेत्र से अयोध्या दर्शन को जायेंगे 1000 रामभक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के नव निर्मित भव्य मंदिर का भाजपा की योजना से दर्शन कार्यक्रम के आलोक में बोकारो विधानसभा स्तरीय भाजपा की बैठक विधायक बिरंची नारायण के आवास में बुधवार को संपन्न हुई। जिसमें झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण खुद उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पांच और 26 फरवरी को बोकारो विधानसभा क्षेत्र से 1000 से अधिक रामभक्त अयोध्या जाएंगे। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता और रामभक्त शामिल होंगे। हम सभी के लिए गौरव की बात है कि बोकारो यात्रा का मुख्य केंद्र रेलवे मंत्रालय द्वारा बनाया गया। विभिन्न राज्यों से अयोध्या दर्शन के लिए जाने वाले रामभक्त बोकारो होकर गुजरेंगे। रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत ट्रेन का पहला



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते विधायक बिरंची नारायण।

जत्था 29 जनवरी की रात 12 बजे बोकारो स्टेशन आयेगी। अयोध्या दर्शन के जिला संयोजक कमलेश राय ने कहा कि बोकारो विधानसभा को 5 व 26 फरवरी की तिथि रेल मंत्रालय द्वारा तय की गई हैं। दोनों तिथियों में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के रामभक्त अयोध्या दर्शन करने के लिए जाएंगे। प्रत्येक रामभक्तों को 1100 रुपये लेंगे जिसमें आने जाने, ठहरने बस खाना सब उपलब्ध कराया जायेगा। 5 फरवरी को जो ट्रेन जायेगी उसकी वापसी सात फरवरी को होगी। बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी 9 मंडलों से रामभक्तों की सूची तैयार करने को कहा गया। बैठक में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव संजय त्यागी, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, केके बोराल, त्रिलोकी सिंह, राघवेंद्र कुमार, सुजीत चक्रवर्ती, तारा साह, पन्नालाल कांदू, हरीश सिंह, विनय किशोर, मनोज सिंह, सनातन सिंह, अनिल सिंह, मनजीत सिंह, गोलू उपाध्याय, अविनाश झा, ब्रज दूबे, मोहन गोराई, मनीष पांडेय और निमाई महथा आदि मौजूद रहे।

**रणधीर वर्मा चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित/धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह और वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह 2024 के 10वें दिन बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी गई। साथ ही लोगों को गुड सेमरिटन की जानकारी दी गई। दुर्घटना में घायल की मदद करने की अपील की गई।


## न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

### न्यायालय सूचना

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध विभिन्न थाना में थाना काण्ड में जप्त वाहनों/ जप्त वन पदार्थों से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंभिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी-किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि 08.02.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0 | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | चौपारण थाना काण्ड सं0 226/2016 | 28/2017 | ट्रक सं0- WB-37C-7655<br>कोयला - 19.5 टन | 08.02.2024 |
| 2 | बरही थाना काण्ड सं0 412/2018 | 47/2019 | पिकअप भान सं0- JH-12E-7323<br>साल बोटा- 12 पीस | 08.02.2024 |
| 3 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 156/2018 | 24/2019 | मारूती भान ई0 नं0 C-96-8145<br>लकडी बोटा- 11 पीस | 08.02.2024 |
| 4 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 24/2019 | 49/2019 | ट्रैक्टर सं0- JH-02AQ-2147<br>कोयला - 2 टन | 08.02.2024 |
| 5 | मुफ्फसिल थाना काण्ड सं0 83/2019 | 51/2019 | ट्रैक्टर ई0 सं0- 3160107252<br>कोयला - 3 टन | 08.02.2024 |
| 6 | दारू थाना काण्ड सं0 66/2018 | 21/2019 | ट्रैक्टर कम्प्रेसर ड्रील मशीन नं0 919613167961<br>पम्प सेट-1 | 08.02.2024 |
| 7 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 30/2015 | 52/2016 | महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ई0 नं0 SRHM10041AV<br>कोयला - 02 टन | 08.02.2024 |
| 8 | ईचाक थाना काण्ड सं0 17/2019 | 35/2019 | टाटा 207 सं0 JH-02C-5825,<br>बोलेरो पिकअप भान- JH-02AM-6662<br>कोयला - 5 टन | 08.02.2024 |
| 9 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 213/2013 | 20/2019 | टाटा 407 नं0 BR-12G-0433<br>लकडी बोटा- 3 पीस | 08.02.2024 |
| 10 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 93/2015 | 22/2019 | मरूती भान नं0 BPY-6100<br>लकडी बोटा- 13 पीस | 08.02.2024 |
| 11 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 55/2015 | 54/2016 | महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0- TVD1900<br>कोयला - 2 टन | 08.02.2024 |
| 12 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 100/2016 | 56/2016 | 1.महेन्द्रा ट्रैक्टर 265DI ई0 नं0 RBT-4135<br>2. स्कौट ट्रैक्टर 435 ई0सं0 E001299<br>कोयला - 4 टन | 08.02.2024 |
| 13 | बरही थाना काण्ड सं0 192/2010 | 57/2016 | महिन्द्रा पिकअप भान नं0 JH-02L-5972<br>लकडी- 28 पीस | 08.02.2024 |
| 14 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 58/2016 | 53/2016 | 1पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0 नं0 E3008348<br>चे0 सं0 3008490, T3008534<br>2.स्कौट ट्रैक्टर ई0 नं0 E435F53107,<br>चे0 सं0 3444576<br>3.हौण्डा साईन मोटरसाईकिल सं0 JH-02AC-6814<br>कोयला - 03 टन | 08.02.2024 |
| 15 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 67/2016 | 27/2017 | कोयला - 5.750 टन | 08.02.2024 |
| 16 | बरकट्ठा थाना काण्ड सं0 152/2017 | 24/2017 | एच0एम0टी0 ट्रैक्टर<br>स्पलेण्डर मोटरसाईकिल सं0 JH-10B7571<br>गम्भार बोटा- 16 पीस | 08.02.2024 |
| 17 | कटकमदाग थाना काण्ड सं0 63/2018 | 80/2018 | महेन्द्रा ट्रैक्टर S.L. No. 88712128<br>कोयला - 2 टन | 08.02.2024 |
| 18 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 03/2015 | 79/2015 | कोयला - 12 टन | 08.02.2024 |
| 19 | कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 07/2013 | 08/2013 | पिकअप भान सं0 JH-02H-5008<br>कोयला- 02 टन | 08.02.2024 |
| 20 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 97/2018 | 77/2018 | ट्रैक्टर- JH-02F-2455<br>कोयला- 02 टन | 08.02.2024 |
| 21 | सदर थाना काण्ड सं0 25/2013 | 07/2013 | ट्रैक्टर- JH-02Q-6459<br>कोयला- ---------- टन | 08.02.2024 |
| 22 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 04/2013 | 09/2013 | ट्रैक्टर ई0 सं0 PY3029F298844, Ch. No. PY5041C003191<br>कोयला- 02 टन | 08.02.2024 |
| 23 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 95/2014 | 76/2015 | कोयला- 16 टन | 08.02.2024 |
| 24 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 145/2014 | 74/2015 | कोयला - 400 Kg. | 08.02.2024 |
| 25 | मुफसिल थाना काण्ड सं0 85/2016 | 70/2016 | कोयला - 3.2 टन | 08.02.2024 |
| 26 | सदर थाना काण्ड सं0 116/2013 | 14/2013 | मार्शल भैन सं0 HR-19A-0377<br>कोयला - 28 बोरा | 08.02.2024 |
| 27 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 212/2017 | 50/2019 | स्कौट ट्रैक्टर- ई0 सं0 03273/ 009550 Ch. No. 3375339<br>कोयला - 02 टन | 08.02.2024 |
| 28 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 64/2018 | 71/2018 | महेन्द्रा ट्रैक्टर- ई0 सं0 RBT17829<br>कोयला - 2.5 टन | 08.02.2024 |
| 29 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 27/2013 | 15/2013 | 1. पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0सं0 3192173 Ch. No. B-3173346, कोयला - 2.5 टन<br>2. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0सं0 3040912RN Ch. No. 3044365R5, कोयला - 2.5 टन<br>3. ट्रैक्टर सं0 JH-02F-5139, कोयला - 2.5 टन<br>4. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0सं0 HGH23328H.2, कोयला - 2.5 टन<br>5. स्कौट ट्रैक्टर ई0सं0 E3215/083060, Ch. No. 3433281, कोयला - 2 टन<br>6. सोनालिका ट्रैक्टर ई0सं0 3100FL513 C241322FL, कोयला - 2.5 टन<br>7. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0सं0 530BC3404, Ch. No. 530BC3404, कोयला - 2 टन<br>8. टी0भी0एस0 मो0साईकिल सं0 JH-2C-1688<br>9. हिरो मोटरसाईकिल सं0 JH-02U-8406<br>10. बजाज मोटरसाईकिल सं0 JH-02J-8303 | 08.02.2024 |
| 30 | पतरातु थाना काण्ड सं0 16/2013 | 11/2013 | 1. महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0सं0 C05556238R3P3DA06AX003, कोयला - 3 टन<br>2. ट्रैक्टर ई0सं0 3310065NF19185, Ch. No. WQTF24705015769, कोयला - 3.5 टन<br>3. हौण्डा मोटरसाईकिल सं0 JH-01AA-7596 | 08.02.2024 |
| 31 | बरही थाना काण्ड सं0 307/2014 | 09/2015 | 1. ट्रक सं0 WB-37C-3089<br>2. ट्रक सं0 WB-37C-0850<br>3. ट्रक सं0 WB-37C-0565<br>4. ट्रक सं0 WB-37C-9664<br>कोयला - 80 टन | 08.02.2024 |
| 32 | कटकमदाग थाना काण्ड सं0 08/2015 | 25/2016 | डम्फर- JH-02G-5491,<br>कोयला - 09 टन | 08.02.2024 |
| 33 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 16/2016 | 50/2016 | महेन्द्रा ट्रैक्टर<br>कोयला - 02 टन | 08.02.2024 |
| 34 | केरेडारी थाना काण्ड सं0 22/2015 | 47/2015 | कत्था- 420 किलो | 08.02.2024 |
| 35 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 14/2020 | 68/2020 | 1. स्वराज ट्रैक्टर- सं0 JH-02AV-3042<br>2. ACE Eng, No. HAE0000265<br>3. पावर ट्रैक ट्रैक्टर- A219CO2<br>कोयला - 9.5 टन | 08.02.2024 |
| 36 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 37/2020 | 67/2020 | 1. पावर ट्रैक ट्रैक्टर- ई0 नं0 E3433841<br>2. महिन्द्रा ट्रैक्टर- ईजन संख्या धीसा हुआ<br>कोयला- 6 टन | 08.02.2024 |
| 37 | ईचाक थाना काण्ड सं0 225/2018 | 30/2020 | कोयला- 2 टन | 08.02.2024 |
| 38 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 10/2019 | 09/2020 | 1. हॉलैण्ड ट्रैक्टर- ई0 सं0 S325J18784<br>2. ट्रैक्टर<br>3.डीसकभर मोटरसाईकिल सं0 JH-02Z-3652<br>कोयला - 03 टन | 08.02.2024 |
| 39 | ईचाक थाना काण्ड सं0 200/2017 | 67/2018 | पिकअप भान सं0 JH-02T-0995<br>बोटा-16 पीस | 08.02.2024 |
| 40 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 250/2015 | 19/2016 | 1. महेन्द्रा ट्रैक्टर- ई0 सं0 NS16891<br>2. पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0सं0. B3027347 Ch. No. 3029203, कोयला - 05 टन<br>3.हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल सं0 JH-02C-3315 | 08.02.2024 |
| 41 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 173/2018 | 07/2020 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर सं0 BR-13D-4126<br>कोयला - 02 टन | 08.02.2024 |
| 42 | कोर्रा थाना काण्ड सं0 85/2018 | 86/2018 | कोयला- 20 बोरा | 08.02.2024 |
| 43 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 112/2014 | 61/2015 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर ई0 सं0 E3052870 Ch. No. B3049157,<br>कोयला - 1.5 टन | 08.02.2024 |
| 44 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 220/2015 | 68/2015 | 1. महेन्द्रा ट्रैक्टर- ई0 सं0 BRNHB2855, Ch. No. 06505439CI<br>2. सोनालिका ट्रैक्टर ई0 नं0 3100FL 4343K45 7403F3, Ch. No. 180006094ED<br>चिप्स- | 08.02.2024 |
| 45 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 194/2014 | 81/2015 | कोयला - 06 टन | 08.02.2024 |
| 46 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 79/2015 | 82/2015 | कोयला- 05 टन | 08.02.2024 |
| 47 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 18/2015 | 80/2015 | कोयला - 05 टन | 08.02.2024 |
| 48 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 182/2015 | 69/2015 | जॉन डियर ट्रैक्टर- ई0 सं0 PY3029D204953 Ch. No. PY5103B015391<br>पत्थर चिप्स - | 08.02.2024 |
| 49 | मुफसिल थाना काण्ड सं0 84/2018 | 79/2018 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर Eng. No.3000816<br>कोयला - 02 टन | 08.02.2024 |
| 50 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 28/2016 | 76/2018 | कोयला - 03 टन | 08.02.2024 |
| 51 | बडकागांव थाना काण्ड सं0 21/2016 | 67/2016 | सोनालिका ट्रैक्टर ई0सं0 A55202 Ch. No. L00065A18771,<br>कोयला - 02 टन | 08.02.2024 |

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"

प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 316891 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### बक्सी जगबंधु की राज्य स्तरीय जयंती पर श्रद्धांजलि दी गयी



**भुवनेश्वर।** महान क्रांतिकारी बक्सी जगबंधु की राज्यव्यापी जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने भुवनेश्वर के म्यूजियम चॉक में बक्सी जगबंधु की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ओड़िशा पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष डॉ लेनिन महांति, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक सरोज सामल, अपर निदेशक संतोष कुमार प्रमुख ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### परिवारवाद पर नीतीश ने हमला बोला

**पटना।** बिहार में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परिवारवाद पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आजकल तो लोग अपने परिवार को ही आगे बढ़ाते हैं, लेकिन कर्पूरी जी ने कभी नहीं बढ़ाया। जननायक से सीख कर हमने भी कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया।

### खड़गे ने शाह को लिखी चिट्ठी

**गुवाहाटी।** असम में राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम में राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक का जिक्र किया है। उन्होंने राहुल को जेड प्लस सिक्योरिटी देने की मांग की।

### उड़िया विश्वविद्यालय के नये परिसर का उद्घाटन

# वर्तमान समय उड़िया समाज के लिए गौरवशाली समय है

**मुख्यमंत्री ने उड़िया भाषा के दिग्गज को प्रणाम किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज सत्यवादी में उड़िया विश्वविद्यालय के नये परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय उड़िया समाज के लिए गौरवमय समय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में महाप्रभु श्री जगन्नाथ की परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन किया गया है। समलेई परियोजना 27 जनवरी को शुरू होने जा रही है और पहला विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन 3 फरवरी को आयोजित किया जायेगा। इसलिए निश्चित रूप से यह हम सभी के लिए, पूरे उड़िया समाज के लिए एक गर्व का क्षण है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपतियों, प्रोफेसरों और छात्रों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति, जीवन शैली और हमारी परंपरा पर आधारित अच्छे साहित्य के निर्माण को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ओड़िशा विश्वविद्यालय इस संबंध में अग्रणी भूमिका निभायेगा। सत्यबादी को उड़िया पुनर्जागरण का उद्गम स्थल बताते हुए उन्होंने कहा कि सत्यबादी उत्कलमणि पंडित गोपबंधु की कर्मभूमि सत्यवादी है। इस अवसर पर उन्होंने आदि कवि सारला दास को नमन किया और उड़िया भाषा की सुरक्षा के लिए लड़ने वाले धरती के पुत्रों को सम्मान दिया। उन्होंने उड़िया भाषा और साहित्य को समृद्ध करने वाले महान लोगों को भी सम्मान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा समाज की पहचान है। समाज का मुकुट उसकी भाषा होती है। जैसे-जैसे भाषा का प्रयोग बढ़ता है, वह समृद्ध होती है और समाज का गौरव बढ़ाती है। उन्होंने यह भी कहा कि ओड़िशा देश का पहला भाषाई राज्य है। उड़िया भाषा एक प्राचीन भाषा है। इसने शास्त्रीय दर्जा प्राप्त कर लिया है। उड़िया भाषा ने एक समृद्ध साहित्य का निर्माण किया है। दुनिया भर में हमारे साहित्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाना चाहिए। युवाओं में अपनी भाषा के प्रति रुचि पैदा करने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया पर उड़िया भाषा का उपयोग बढ़ाया जाना चाहिए। कहा कि इसके साथ-साथ उड़िया भाषा पर और अधिक शोध करने की आवश्यकता है। मंत्री अतनु ने कहा कि उड़िया भाषा और अस्मिता की रक्षा के लिए उड़िया विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री का बड़ा योगदान है।

**5 टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष वीके पांडियन ने कार्यक्रम का संचालन किया।** सत्यबादी विधायक उमाकांत सामंतराय, कुलपति प्रो सविता प्रधान प्रमुख ने अपने भाषण दिये। उच्च शिक्षा सचिव अरविंद अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया और कुलाधिपति रश्मिरेखा दास ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रग्बी चैंपियनशिप में किट को रजत पदक

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किट रग्बी पुरुषों की 7वीं टीम ने चंडीगड विश्वविद्यालय, मोहाली में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय रग्बी चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने के बाद खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों के लिए क्वालीफाई किया। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) नयी दिल्ली के तत्वावधान में चंडीगड यूनिवर्सिटी, मोहाली द्वारा 20 से 24 जनवरी 2024 तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रग्बी (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप आज संपन्न हुई। रग्बी पुरुष 7वीं इवेंट के फाइनल में किट विश्वविद्यालय की पुरुष टीम एक करीबी मुकाबले वाले मैच में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली से फाइनल हार गयी और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम ने चौथे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-24 के लिए भी क्वालीफाई किया। किट और किस के संस्थापक और कंधमाल संसद (एमपी) प्रो अच्युता सामंत ने रजत पदक जीतने पर किट यूनिवर्सिटी रग्बी (पुरुष) टीम को बधाई दी और चौथे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-24 के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मयूरभंज की द्वारशुनी घाटी में सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की मौत

- मयूरभंज सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत पर सीएम ने दुख जताया
- जात्रा पार्टी ट्रक का ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जात्रा पार्टी का ट्रक मयूरभंज द्वारशुनी घाटी में दुर्घटना। दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गयी और 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो कर बालेश्वर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। यह दुखद घटना मयूरभंज जिले के बंगिरीपोशी के द्वारशुनी घाटी पर हुई। जात्रा पार्टी ट्रक का ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा। दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गयी है। ट्रक में सवार 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को बालेश्वर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान चलाया। पुलिस घटना की जांच जारी रखे हुए है।

### मृतकों के परिजनों को 3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों के समुचित इलाज के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश



भूवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मयूरभंज के द्वारशुनी घाटी में सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजन को 3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने घायलों के लिए उचित चिकित्सा व्यवस्था करने का निर्देश दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# संबलपुर मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक बने तुषार कांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** तुषार कांत पांडेय ने 24 जनवरी 2024 को मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर का कार्यभार ग्रहण किया। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर का कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे मध्य रेलवे, नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक थे। वह 1992 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियर सेवा के अधिकारी हैं। उनके पास आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग, आइआइटी दिल्ली से एमटेक, दिल्ली विश्वविद्यालय के एफएमएस संस्थान से एमबीए की डिग्री है। तुषार कांत पांडेय को विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे और रेलवे बोर्ड में विभिन्न क्षमताओं में काम करने का अनुभव है। उन्होंने वर्ष 1995 में सहायक मंडल अभियंता, फतेहपुर के रूप में शुरूआत की और फिर रेलवे में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) उप मुख्य अभियंता और मुख्य अभियंता के रूप में विभिन्न क्षमताओं में काम किया। उन्होंने रेलवे बोर्ड और आरडीएसओ में निदेशक और कार्यकारी निदेशक होने की जिम्मेदारी भी निभाई है। उन्होंने आई सीएलआई एफ/मलेशिया, आइएनएसईऐडी/सिंगापुर, और आईएसबी/ हैदराबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पांडेय ने ऐआरइएमऐ/शिकागो, अमेरिका में भी दो बार भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व किया है।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–60–23–24 दो पैकेट सिस्टम। 2. कार्य का नाम : हजारीबाग–बानादाग दोहरीकरण रेल लाइन परियोजना के निर्माण के संबंध में सीएच 2.000 से 6.800 तक मिट्टी काटने, भरने, संघनन, ब्लैंकेटिंग, लघु पुल निर्माण, आरयूबी, रिटेनिंग दीवार, पत्थर गिट्टी की आपूर्ति और प्रसार, पी.वे. लिंकिंग, पी.वे. सामग्री का परिवहन आदि का काम और अन्य संबंधित कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹86,00,06,459.43, 4. बोली प्रतिभूति (रू) : ₹44,50,000.00, 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 महीने। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 09.02.2024, 15.30 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02159/कॉन/अभि./टी/23–24/48






VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®


श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# फिटजी के आइआइटी जीनियस टेस्ट के साथ अपने भीतर की प्रतिभा को उजागर करें

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शुरूआत से ही, फिटजी ने अपने सिस्टम में एक सच्चे गुरु के सार को आत्मसात किया है। नतीजतन, फिटजी ने न केवल आईआईटी-जेईई प्रशिक्षण उद्योग में क्रांति ला दी है, बल्कि पारदर्शिता और नैतिकता के बहुत उच्च मानक भी स्थापित किए हैं।

फिटजी हमेशा छात्रों और उनके अभिभावकों को लाभ पहुंचाने के लिए अनूठी पहल करता है और यह एकमात्र संस्थान है जो संभावित जीवन बदलने वाले कार्यक्रम, आईआईटी जीनियस टेस्ट जैसे नवीन अवसरों के माध्यम से छात्रों के लिए उत्कृष्टता के नये मानक स्थापित करना जारी रखता है। फिटजी एक बार फिर अपना प्रतिष्ठित और सबसे प्रतीक्षित परीक्षण, आईआईटी जीनियस टेस्ट लेकर आया है, जो 28 जनवरी और 4 फरवरी 2024 को देश भर में आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा (जेईई मेन के इच्छुक) के छात्रों के लिए आयोजित किया जायेगा। क्रमशः उन्नत 2028, 2027, 2026, 2025, और 2024)। छात्र वह परीक्षा तिथि चुन सकते हैं जो उनके लिए सबसे उपयुक्त हो। आइआइटी जीनियस टेस्ट के माध्यम से - फिटजी वैज्ञानिक रूप से भारत के छात्र प्रतिभाओं की खोज करता है, पहचानता है और उन्हें पुरस्कृत करता है, जहां आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के प्रत्येक 10 छात्रों को 'आईआईटी जीनियस' उपाधि के सम्मान से सम्मानित किया जायेगा और उन्हें अपनी शिक्षा भी मिलेगी। फिटजी द्वारा प्रायोजित आइआइटी। छात्रवृत्ति छात्रावास शुल्क, ट्यूशन शुल्क, किताबों की फीस और उचित व्यक्तिगत खर्चों सहित सभी संस्थागत खर्चों को कवर करेगी। इस छात्रवृत्ति और पुरस्कार का लाभ उठाने के लिए किसी को फिटजी छात्र होने या पुरस्कार के बाद फिटजी में एक पाठ्यक्रम में शामिल होने की आवश्यकता नहीं है। छात्रों का चयन आइआइटी जीनियस टेस्ट के आधार पर होगा, जिसके बाद साक्षात्कार होगा, जहां आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के शीर्ष 30 छात्रों का दिल्ली/हैदराबाद में साक्षात्कार लिया जायेगा।

स्टेज 1 का परिणाम 9 फरवरी 2024 (कक्षा XI और XII के लिए) और 10 फरवरी 2024 (कक्षा VIII, IX और X के लिए) घोषित किया जायेगा। चरण 1 के बाद 18 और 19 मार्च 2024 को हैदराबाद में और 21 और 22 मार्च 2024 को दिल्ली में साक्षात्कार होगा। फिटजी ने लंबे समय से ऐसे अवसर प्रदान किए हैं जो देश भर में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करते हैं और उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन करते हैं। एक प्रशंसित सामाजिक पहल फॉर्च्यून 40 है, जो वंचित लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों का समर्थन करती है। इसी तरह, आइआइटी जीनियस टेस्ट भारत के प्रतिभाशाली दिमागों को पहचानता है और आईआईटी में भाग लेने के उनके सपनों को प्रायोजित करता है। सच्ची प्रतिभाओं को अपनी पहचान बनाने के लिए, उनकी क्षमता की खोज करना महत्वपूर्ण है। आईआईटी जीनियस टेस्ट अनुसंधान-आधारित तरीकों के माध्यम से वैज्ञानिक रूप से प्रतिभा की पहचान करता है," विनोद कुमार अग्रवाल, मैनेजिंग पार्टनर और हेड, फिटजी द्वारका सेंटर कहते हैं।










# निवर्तमान परीक्षा नियंत्रक को विदाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओड़िशा।** केंद्रीय विवि ने अपने सुनाबेडा कैंपस पर एक विदाई समारोह में डॉ प्रशांत मेश्रम, परीक्षा नियंत्रक, को विदाई दी। डॉ मेश्रम, जो जून 2023 में विश्वविद्यालय में शामिल हुए थे, अपने मातृ संस्थान, विश्व भारती, शांतिनिकेतन, की ओर लौटने से पहले सफल 7-महीने की कार्यकाल पूरा किया। इस विदाई समारोह में प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी, मान्यवर कुलपति, प्रोफेसर एनसी पांडा, रजिस्ट्रार आई/सी, प्रोफेसर वीसी झा, सलाहकार-शैक्षिक और प्रशासन, प्रोफेसर एसके पलिता, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के विद्यालय के डीन, प्रोफेसर हेमराज मीना, राजभाषा सेल के निदेशक, सहित शिक्षक, अधिकारी, और प्रशासनिक कर्मचारी शामिल थे। कुलपति प्रोफेसर त्रिपाठी ने डॉ मेश्रम के शैक्षिक प्रशासन में बहुपेशीय कौशल की सराहना की, जिसमें उन्होंने वित्त, शैक्षिक, और कुल प्रशासन के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान को उजागर किया। प्रोफेसर त्रिपाठी ने डॉ मेश्रम के छोटे प्रवास के दौरान सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार करते हुए, विश्वविद्यालय के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए कर्मचारियों के डॉ मेश्राम के प्रोत्साहन पर जोर दिया। प्रो एनसी पांडा ने डॉ मेश्राम की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उन्हें कर्मठ व्यक्ति के रूप में लेबल किया, जबकि प्रोफेसर एसके पालिता ने निर्णय लेने वाली समितियों में उनकी बहुमूल्य भागीदारी को याद किया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**